


हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शुक्रवार, 27 जून 2025 | अंक 253/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-





शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द •गठियावात •सन्धिशोध •सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार


## रथ यात्रा



आज भारत देश में 27 जून 2025 को भगवान जगन्नाथ की प्रसिद्ध 'रथ यात्रा' ओडिशा के जगन्नाथ मंदिर से निकली जाती है। इस दिन भगवान जगन्नाथ नंदीघोष, उनके बड़े भाई बलभद्र तालध्वज और बहन सुभद्रा दर्पदलन नाम के रथ पर सवार होकर अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर लेजाया जाता है।

# 5 जगह बादल फटने से नदी-नालों में बाढ़

**मरने वालों की संख्या 5 हुई, 7 से ज्यादा हुए लापता; अहमदाबाद में बाढ़ जैसे हालात**

**नई दिल्ली.**

2000 से अधिक पर्यटक फंसे, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, देश में एमपी, राजस्थान और गुजरात समेत सभी राज्यों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा नुकसान हिमाचल में हुआ है। कुल्लू जिले में एक दिन पहले 5 जगह- जीवा नाला (सैंज), शिलागढ़ (गढ़सा) घाटी, स्नो गैलरी (मनाली), होरनगढ़ (बंजार), कांगड़ा और धर्मशाला के खनियारा में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 7 से ज्यादा लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सैंज में जीवा नाला के नजदीक एनएचपीसी के प्रोजेक्ट साइट पर हुआ। यहां गुरुवार दोपहर तक 4 और लोगों के शव बरामद हुए। बताया जा रहा है 15 से 20 लोग बह गए हैं, लेकिन इनकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और नवसारी जिलों में तेज बारिश हो रही है। अहमदाबाद में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। पूर्वी क्षेत्र के मणिनगर, वटवा, सिटीएम, हाटकेश्वर, निकोल ओधव और विराट नगर समेत कई इलाकों में पानी भर गया है। मध्यप्रदेश के 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इंदौर में बारिश से अंधेरा छा गया। जबलपुर-विदिशा में घरों में पानी घुस गया। राजस्थान के अलवर में बांध पर सेल्फी ले रहे युवक की डूबने से मौत हो गई। जयपुर, सीकर-नागौर समेत 6 जिलों में तेज बारिश हुई।

ओडिशा में संबलपुर शहर के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। इससे यहां सामान्य जीवन पर असर पड़ा है। सड़कों पर पानी भरने से आवाजाही पर असर हुआ है। भारतीय मौसम विभाग ने 30 जून तक कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। केरल में तेज बारिश, 3 जिलों में रेड अलर्ट; होर्डिंग्स, पेड़ गिरे, गुरुवार को केरल में मानसूनी बारिश तेज हो गई। एर्नाकुलम, इडुक्की और त्रिशूर जिलों के कुछ निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई। आईएमडी ने इन तीन जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। तेज बारिश और तेज हवाओं के तिरुवनंतपुरम में कई जगह बड़े-बड़े होर्डिंग्स गिर गए, पेड़ उखड़ गए। आईएमडी ने इडुक्की, मल्लापुरम और वायनाड जिलों के लिए रेड अलर्ट और राज्य के अन्य 7 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।







### महाराष्ट्र के वर्धा जिले में बाढ़, श्मशान घाट में फंसे तीन लोगों को बचाया

महाराष्ट्र के वर्धा जिले में भारी बारिश के बाद देवली तालुका के डिगदोह गांव में बाढ़ आ गई। यहां के श्मशान घाट में फंसे छात्र समेत तीन लोगों को आपदा प्रबंधन और दमकल कर्मियों ने गुरुवार को बचाया। गांव में खेतों का पानी भरने से लोगों को ऊंचाई वाली जगहों पर जाना पड़ा है।



### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बाढ़, दो बच्चों की मौत, एक को बचाया गया

जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले की कालाकोट तहसील के सियालसुई इलाके में अचानक आई बाढ़ में दो बच्चों की मौत हो गई। एक अन्य बच्चे को बचा लिया गया। भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में तीनों बच्चे बह गए थे। पुलिस और स्थानीय लोगों के साथ एक बचाव दल ने तुरंत बचाव ऑपरेशन शुरू किया लेकिन दो बच्चो को बचाया नहीं जा सका।



### राजस्थान के झालावाड़ में बिजली गिरने से 4 की मौत

राजस्थान के झालावाड़ जिले में अलग-अलग जगह बिजली गिरने से गुरुवार को एक महिला सहित 4 लोगों की मौत गई। वहीं, एक महिला को झुलसने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अरुणाचल में भारी बारिश से लैंडस्लाइड, एक की मौत

अरुणाचल प्रदेश के बिचोम जिले में भारी बारिश के कारण हुए लैंडस्लाइड में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा लापता हो गया। सचुंग गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति पचुक नदी में बह गया। गुरुवार को राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया कि एक और व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका इलाज चल रहा है।

### एमपी के रायसेन जिले में झोपड़ी गिरी, 5 लोग घायल

मध्य प्रदेश में रायसेन जिले के बेगमगंज कस्बे के पास वीरपुर गांव में भारी बारिश के बीच एक झोपड़ी गिरने से गुरुवार को पांच लोग घायल हो गए। पीड़ितों में एक दंपती और उनके तीन बच्चे शामिल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना हुई। इलाके में सुबह 4 बजे से बारिश हो रही है।

### माता वैष्णो देवी मंदिर तक जाने वाला नया रास्ता लैंडस्लाइड से बंद



*जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर तक जाने वाला नया मार्ग बारिश के कारण हुए लैंडस्लाइड से बंद हो गया। तीर्थयात्रा पुराने मार्ग से सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। जबकि बैटरी कार और हेलिकॉप्टर सेवा दोनों सस्पेंड है।*

## रुद्रप्रयाग में ट्रैवलर गिरी नदी में

**9 लापता: 3 की मौत, 8 घायल, ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर; 40 किमी तक रेस्क्यू**



**रुद्रप्रयाग.** तीर्थयात्रियों की बस अलकनंदा नदी में गिरने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. बस के चालक का कहना है कि उनके वाहन को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी थी. इस बस में चालक समेत कुल 20 लोग सवार थे.

10 लोग हादसे के समय छिटककर बाहर गिर गए थे. इन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया. रुद्रप्रयाग एसपी ने बताया कि 3 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है. 9 लोगों की तलाश जारी है. ट्रक ने बस को पीछे से मारी थी टक्कर: उत्तराखंड के बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में रेस्क्यू अभियान जारी है. घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती बस के ड्राइवर सुमित का कहना है कि उनकी गाड़ी को पीछे से ट्रक ने टक्कर मारी. ट्रक की टक्कर लगने के बाद बस अनियंत्रित हो गया और दुर्घटना का शिकार हो गया. टेंपो ट्रैवलर में सवार सभी तीर्थयात्री बदरीनाथ दर्शन करने जा रहे थे. चालक सुमित का कहना है कि बदरीनाथ दर्शन करने जाना था. केदारनाथ के दर्शन करने के बाद रात में रुद्रप्रयाग में रुके थे. गुरुवार को बदरीनाथ के लिए निकले थे.

इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी. टक्कर से बस सीधे अलकनंदा नदी में समा गया. कुछ लोग गाड़ी के अनियंत्रित होने से पहले बाहर निकले जो थोड़े बहुत घायल हुए हैं. सुमित ने बताया कि यात्रियों को हरिद्वार के बैरागी कैंप से बदरीनाथ और केदारनाथ की यात्रा पर वह लेकर आए थे.

## राजनाथ ने एससीओ समिट में दस्तावेज पर नहीं किये हस्ताक्षर

**नई दिल्ली.** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले में जानकारी देते हुए कहा कि एससीओ के कुछ सदस्यों देशों के बीच कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं बनने की वजह से ज्वाइंट स्टेटमेंट जारी नहीं हुआ. रणधीर जायसवाल ने कहा, "हमारी आतंकवाद को लेकर कुछ चिंताए थीं और हम चाहते थे कि वे उस दस्तावेज में जाएं. लेकिन एक देश को उस पर आपत्ति थी. जिसकी वजह से स्टेटमेंट फाइनल नहीं हुआ." हालांकि कांग्रेस ने ज्वाइंट स्टेटमेंट में पहलगाम का जिक्र नहीं होने की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर पर सवाल उठाए हैं. कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद का कहना है कि पीएम मोदी की अगुवाई में भारत अलग-थलग पड़ गया है. चीन के क्विंगदाओ में दो दिन तक चली एससीओ मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए भारत के रक्षा मंत्री चीन पहुंचे थे. ये मीटिंग 25 जून को शुरू हुई और 26 जून तक चली.

## ब्लैक बॉक्स का डेटा हुआ रिकव



**गांधीनगर.**

अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एअर इंडिया विमान के ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। सरकारी बयान में गुरुवार को बताया गया कि डेटा डाउनलोड हो गया है। मेमोरी मॉड्यूल का एक्सेस भी मिल गया है। अब जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण (एनालिसिस) करेगी। इससे हादसे के कारणों का पता चलेगा। इससे पहले 24 जून को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया था कि ब्लैक बॉक्स को जांच के लिए विदेश नहीं भेजा जा रहा। इसकी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो कर रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, क्रैश प्लेन से दो ब्लैक बॉक्स (सीवीआर और डीएफडीआर) सेट मिले हैं। इनमें हादसे के समय पायलटों की बातचीत और विमान की तकनीकी जानकारी का रिकॉर्ड मिलेगा। पहला सेट 13 जून को और दूसरा 16 जून को बरामद किया गया। अहमदाबाद में 12 जून को लंदन जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। इसमें सवार 241 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक यात्री की जान बच गई थी। वहीं, इस घटना में कुल 270 लोग मारे गए थे।

## तेलंगाना में महिला ने रेलवे ट्रैक पर कार चलाई



**हैदराबाद.** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में एक 34 साल की महिला ने अपनी कार को रेलवे ट्रैक पर दौड़ा दिया। इसके चलते वहां मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। 10-15 ट्रेनें रोकी गईं या डायवर्ट करनी पड़ीं। शंकरपल्ली के पास हुई इस घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। 13 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा है कि महिला किआ सोनेट कार को रेलवे ट्रैक पर चला रही है। दूसरे वीडियो में स्थानीय लोग, रेलवे कर्मचारी और पुलिस मिलकर महिला को कार से बाहर निकालने की कोशिश करते दिखते हैं। भीड़ उसे कार से बाहर निकालने के बाद उसके हाथ बांध देती है। घटना को लेकर जांच जारी है कि महिला ने ऐसा क्यों किया और उसकी मानसिक स्थिति कैसी थी। सूत्रों के अनुसार, 'कई रेलवे कर्मचारी और पुलिसकर्मी उस कार के पीछे दौड़े। बड़ी मुश्किल से वे उसे कार रोकने में कामयाब हो पाए। महिला को कार से बाहर निकालने के लिए करीब 20 लोगों की मदद लेनी पड़ी। वह बिल्कुल भी सहयोग नहीं कर रही थी।' रेलवे पुलिस की सुपरिंटेंडेंट चंदना दीप्ति ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि वह महिला हाल ही तक एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम कर रही थी। वह उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। वह काफी आक्रामक व्यवहार कर रही थी। लग रहा था कि वह मानसिक रूप से अस्थिर है। सुपरिटेंडेंट चंदना दीप्ति ने आगे कहा कि हमने महिला की कार से उसका ड्राइविंग लाइसेंस और पैन कार्ड बरामद किया है।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में एनकाउंटर, 1 आतंकी मारा गया

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह से जारी एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया है। इलाके में तीन और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सेना और पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन ने बताया कि बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में पिछले एक साल से 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे इनकी जानकारी मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान आतंकियों ने सिक्योरिटी फोर्सेज के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है। सोर्स के अनुसार, इलाके में 3 और आतंकी हैं। दोनों तरफ से फायरिंग जारी है। 23 अप्रैल को बारामूला के उरी सेक्टर में एलओसी के पास आतंकी घुसपैठ की कोशिश की थी।

# शुभांशु 28 घंटे सफर करके इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे

**'जय हिंद, जय भारत', शुभांशु शुक्ला का इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पहला संदेश**

**नई दिल्ली.**

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट, गुरुवार, को शाम 4:01 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच गए। 28 घंटे के सफर के बाद वे आईएसएस पहुंचे हैं। करीब 6 बजे स्पेस स्टेशन का हैच खुला और सभी एस्ट्रोनॉट आईएसएस के अंदर दाखिल हुए। शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे 41 साल पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। आईएसएस पर वेलकम सेरेमनी में शुभांशु ने कहा ये मेरी किस्मत है कि मैं उन चंद लोगों में शामिल हो सका, जिन्होंने स्पेस स्टेशन से पृथ्वी का नजारा देखा।आपके प्यार और आशिर्वाद से मैं इंटरनेशनल स्पेस सेंटर पर पहुंचा हूं। यहां खड़ा होना बहुत आसान दिख रहा है, लेकिन ये सब काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा मेरा सर भारी है और थोड़ी तकलीफ हो रही है। लेकिन ये सब बहुत छोटी चीजें हैं, कुछ ही दिनों में हमें इसकी आदत हो जाएगी। इससे पहले दिन में क्रू ने स्पेसक्राफ्ट से लाइव बातचीत में शुभांशु ने कहा था- नमस्कार फ्रॉम स्पेस! यहां एक बच्चे की तरह सीख रहा हूं... अंतरिक्ष में चलना और खाना कैसे है।" एक्सियम मिशन 4 के तहत गुरुवार 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। ये मिशन तकनीकी खराबी और मौसमी दिक्कतों के कारण 6 बार टाला गया था। नमस्ते फ्रॉम स्पेस! मैं अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ यहां आकर बहुत उत्साहित हूं। सच कहूं तो, जब मैं कल लॉन्चपैड पर कैप्सूल में बैठा था। 30 दिन के क्वारंटाइन के बाद, मैं बस यही चाहता था कि अब चल पड़ें। लेकिन जब यात्रा शुरू हुई, तो ऐसा लगा जैसे आपको सीट में पीछे धकेला जा रहा हो। यह एक अद्भुत राइड थी.. और फिर अचानक सब कुछ शांत हो गया। आपने बेल्ट खोली और आप वैक्यूम की शांति में तैर रहे थे। मैं हर उस व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहता हूं, जो इस यात्रा का हिस्सा रहा है। मैं समझता हूं कि यह कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह आप सभी की सामूहिक उपलब्धि है, जो इस यात्रा का हिस्सा रहे हैं। मैं आप सभी को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं।






बीसीएन एवं बीटीपी ग्रुप के संस्थापक

मा. सिराजभाई शेख

इनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में

बीसीएन, बीटीपी ग्रुप एवं कारा फाऊंडेशन के तरफ से

नि:शुल्क चष्मे, मोतीयाबिंदू ऑपरेशन, आरोग्य शिबीर

शुक्रवार दि. २७ जुन २०२५ को सुबह ९.३० से दोपहर १ बजे तक

स्थल : संदीप गवई जनसंपर्क कार्याल, सुयोग नगर चौंक जवळ, रामेश्वरी चौंक

शिबिर की अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे: संजय लहाने मो. 9579369253

फ्री आँखो की जांच — साथक

फ्री मोतियाबिंद ऑपरेशन — स्व. भानुताई गडकरी ग्रामीण विकास संस्था

जनरल जांच — nelson hospital

फ्री डेंटल जांच — Luminous Dental Care, Dr. Aditya Kawane Cell No.: 9112002604

in BCN NEWS DIGITAL 24X7 | नागपुर मेट्रो समाचार | BTP Group | KARA FOUNDATION | महाराष्ट्र NEWS 24/7 | Tickat

प्रशांत बडनाके मो. 9730005615, इमरान शेख मो. 9730005662, स्वप्नील बुंधाडे मो. 8482817786



आयोजक

मा. नगरसेवक संदीप गवई

## सुविचार

जीवन में प्रयास सदैव कीजिए, लक्ष्य मिले या अनुभव दोनों ही अमूल्य हैं।

साजिद शेख, इंपेरर कंस्ट्रक्शन, नागपुर

# इस्लाम में वास्तु शास्त्र

## 'घर वह जगह होनी चाहिए जहां अल्लाह की याद हो. वहां रहमत व सुकून का माहौल हो'



वास्तु शास्त्र, भवन निर्माण का एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है, जो दिशाओं, ऊर्जा संतुलन और पंचतत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) के समन्वय पर आधारित है। यह शास्त्र बताता है कि किसी भवन को किस दिशा में, कैसे और किन नियमों के अनुसार बनाना चाहिए ताकि उसमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहे। सही दिशा में बनाए गए कमरे, रसोई, शौचालय और पूजा स्थल न सिर्फ घर को संतुलित बनाते हैं, बल्कि उसमें रहने वाले लोगों के जीवन पर भी सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। किसी भी भवन को वास्तु के अनुसार बनाने से उसमें स्वास्थ्य, समृद्धि और मानसिक शांति बनी रहती है। घर का मुख्य द्वार किस दिशा में हो, सोने और खाना पकाने का स्थान कहाँ हो, यह सब वास्तु के अनुसार तय करने से पारिवारिक रिश्तों में सामंजस्य आता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। वास्तु केवल भौतिक सुख-सुविधा नहीं, बल्कि जीवन में संतुलन और ऊर्जा का संतुलित प्रवाह सुनिश्चित करता है, जिससे घर में सुख-शांति और स्थायित्व बना रहता है। इस्लाम में वास्तु जैसा कोई विशेष शास्त्र तो नहीं है, लेकिन घर निर्माण और जीवन शैली से संबंधित कई शिक्षाएं हदीसों और कुरआन से मिलती हैं। इस्लाम साफ-सफाई, हवा और रौशनी की व्यवस्था, और अच्छे पड़ोस के महत्व पर विशेष ज़ोर देता है। पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि "पाकीज़गी आधा ईमान है" (सहीह मुस्लिम), जो दर्शाता है कि घर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखना इस्लामी जीवनशैली का हिस्सा है। हदीसों के अनुसार घर व्यापक हैसियत रखते हैं। घर वह जगह होनी चाहिए जहाँ अल्लाह की याद की जाती हो और वहाँ रहमत व सुकून का माहौल हो। एक हदीस में आता है, "जब घर में कुरआन की तिलावत की जाती है, तो वहाँ सुकून और रहमत नाज़िल होती है" (सहीह मुस्लिम)। साथ ही, इस्लाम में पड़ोसी के हक़ को भी बहुत अहमियत दी गई है. "वह मोमिन नहीं जो खुद पेट भर खाए और उसका पड़ोसी भूखा हो" (सहीह बुखारी)। इससे यह समझा जा सकता है कि मकान सिर्फ़ एक निजी संपत्ति नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी केंद्र है। अंततः, चाहे वास्तु शास्त्र के सिद्धांत हों या इस्लामी शिक्षाएं. दोनों ही एक संतुलित, पवित्र और सुकून भरे घर की आवश्यकता पर बल देती हैं। एक ऐसा घर जो न केवल भौतिक रूप से सुदृढ़ हो, बल्कि रूहानी तौर पर भी बरकत से भरपूर हो। यदि निर्माण में इन बातों का ध्यान रखा जाए, तो घर केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, बल्कि रहमत, खुशहाली और सुकून का केंद्र बन सकता है।

## संपादकीय

# सबसे बड़ा अधिकार

उत्तराखंड हाई कोर्ट का फैसला - कि अतिक्रमित भूमि पर रहने की वजह से किसी को मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता- भारतीय लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों को दोहराता है । वोटिंग का अधिकार संविधान की ओर से दिया गया है और इसका आधार जमीन का टुकड़ा नहीं हो सकता। न यह अधिकार इतना कमजोर है कि इसे किसी सरकारी फरमान से छीना जा सके। उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के कुछ लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि सरकारी, जंगल या किसी और जमीन पर अतिक्रमण करके रहने वालों को पंचायत चुनावों में मतदान करने या इलेक्शन लड़ने से वंचित किया जाएगा। हाई कोर्ट ने इस पर साफ किया कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मताधिकार सुरक्षित है और न्यायपालिका या सरकार कोई भी इसे वापस नहीं ले सकता। राज्य सरकार का यह आदेश अगर लागू हो जाता, तो एक खतरनाक मिसाल बन सकता था। देश के कई हिस्सों में आज भी लाखों लोग ऐसी जमीनों पर रह रहे हैं, जिनका स्वामित्व स्पष्ट नहीं है, खासतौर पर शहरों के बीच बसी झुग्गियों, गांवों और आदिवासी क्षेत्रों में। देश में वैसे भी जमीन से जुड़े मुकदमे बरसों तक चलने के लिए बदनाम हैं। कई मामलों में पीढ़ियां बदल गई और फैसला नहीं आया। लेकिन, इसका यह मतलब नहीं है कि इन्हें अतिक्रमणकारी बताकर इनके संवैधानिक अधिकार से वंचित कर दिया जाए। लोकतंत्र में मताधिकार केवल चुनावी प्रक्रिया का एक अंग नहीं है। इसी से भागीदारी और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता है। संविधान ने देश के लोगों को यह अधिकार दिया है जब अनुच्छेद 326 के ड्राफ्ट आर्टिकल को शामिल किया जा रहा था, तब भी इस पर आपत्ति उठाई गई थी। एक सदस्य ने वयस्क मताधिकार का विरोध करते हुए अंदेशा जताया था कि अगर मतदाता जागरूक और शिक्षित न हुआ, तो संसदीय लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती। हालांकि वक्त ने इस संदेश को हवा में उड़ा दिया।हर नागरिक, जो निर्धारित आयु पूरी कर चुका हो और कुछ विशेष आधारों पर अयोग्य न हो, उसे मतदाता बनने का अधिकार है। शुरुआत में यह आयु 21 वर्ष थी, जिसे 61 वें संविधान संशोधन के जरिये घटाकर 18 वर्ष किया गया।

## समीक्षा

मोहन राकेश

# एक और जिंदगी

'एक और जिंदगी' मोहन राकेश की श्रेष्ठ एवं चर्चित कहानी है। पति पत्नी के दाम्पत्य सम्बन्धों पर प्रकाश डालने वाली यह कहानी मोहन राकेश की अन्य कहानियों से सर्वथा भिन्न है, क्योंकि यह वह कहानी है जिसमें मोहन राकेश ने अपने जीवन की महत्त्वपूर्ण घटनाओं का हूबहू चित्रण किया है।

'एक और जिंदगी' के नायक प्रकाश नायिका बीना तथा बच्चा पलाश तथा प्रकाश की दूसरी पत्नी निर्मला के माध्यम से मोहन राकेश ने अपने शीला (राकेश जी की पहली पत्नी) और नीति (मोहन राकेश और शीला का बेटा) तथा पुष्पा (मोहन राकेश की दूसरी पत्नी) की जिंदगी की घटनाओं को केन्द्र में रखा है।

मोहन राकेश का अधिकांश लेखन उनके व्यक्तिगत जीवन की परिस्थितियों पर किसी न किसी रूप में आधारित है। मोहन राकेश ने अपने जीवन में जो भोगा उसे ही शिल्प की ऊंचाई के साथ अपनी साहित्यिक रचनाओं में निरूपित किया है। उन्होंने जब भी और जो कुछ भी लिखा, अपने ही जीवन के इतिहास को फिर फिर दोहराया है। 1 अपने साहित्य में अपने ही जीवन को दोहराने की बात का समर्थन करते हुए मोहन राकेश ने अपनी डायरी में लिखा है.

जिस तरह 'सोलर' में शराब बरसों डंजनतम होती रहती है उसी तरह छोटी छोटी घटनाएं बरसों दिमाग में डंजनतम होती रहती है। उन्हें फिर फिर लिपिबद्ध करने में पुरानी शराब का सा ही नशा हासिल होता है। एक और जिंदगी' कहानी का नायक प्रकाश और नायिका बीना अपनी इच्छा से विवाह करते है। किन्तु कुछ ही दिनों बाद यह बंधन दोनों के लिए परेशानी का कारण बन जाता है। क्योंकि दोनों समान रूप से बौद्धिक होने के कारण अपनी अपनी अतृप्तियों के लिए असंतुष्ट रहते और अपने ही अहम की तुष्टि के लिए परेशान। दोनों यह भी समझ रहे थे कि शायद सम्बन्ध की शुरुआत ही गलत हुई है। दोनों के बीच एक दूसरे के प्रति 'अन्डरस्टेडिंग' का विकास ही नहीं हुआ था जो प्रणय सम्बन्धों को जोड़े रखता है।

नसीम ग़ाज़ी फ़लाही

शुक्रवार स्पेशल

# इस्लाम में पाकी और सफ़ाई


## 'इस्लाम की सारी शिक्षाएं इन्सानी प्रकृति के अनुकूल हैं'

हम मुसलमानों के बारे में बहुत-सी ग़लतफ़हमियों के साथ ग़ुस्ल (स्नान) के बारे में एक ग़लतफ़हमी यह पाई और फैलाई जाती है कि हफ़्ते में सिर्फ़ एक दिन (जुमा के दिन) ही नहाते हैं और ऐसा इसलिए करते हैं कि इस्लाम ने ऐसा ही करने का हुक्म दिया है। ऊपर ग़ुस्ल के बारे में इस्लाम की जिन शिक्षाओं को बयान किया गया है, उनसे यह ग़लतफ़हमी पूरे तौर पर दूर हो जाती है। हक़ीक़त यह है कि ''हफ़्ते में सिर्फ़ एक दिन नहाना चाहिए'', इस तरह की सिरे से कोई बात इस्लामी तालीमात, शिक्षाओं में मौजूद ही नहीं है। आदमी रोज़ाना नहाए, इससे किसी को रोका नहीं गया है। जुमा के दिन के बारे में जो बात कही गई है वह यह है कि आदमी जुमा की नमाज़ पढ़ने जाए तो उसके लिए ज़रूरी है कि वह नहा-धोकर, साफ़-सुथरे कपड़े पहनकर और ख़ुशबू लगाकर जाए, क्योंकि जुमा की नमाज़ में बड़ी तादाद में लोग मस्जिद में जमा होते है।

नीचे लिखे वाक़िए से यह बात बच्छी तरह वाज़ेह हो जाती है। एक बार जुमा के दिन ख़ुदा के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम मस्जिद में आए। मस्जिद तंग थी। काम-काज करनेवाले लोग बग़ैर नहाए और मैले कपड़ों ही में जुमा की नमाज़ के लिए चले आए थे। गर्मी का मौसम था, लोगों के पसीने की बू पूरी मस्जिद में फैल गई। पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने इसे नापसन्द किया और फ़रमाया कि लोग अगर नहा-धोकर आते तो बेहतर था। उसी दिन से जुमा के दिन नहाने की अहमियत और ज़रूरत शरीअत में ज़रूरी क़रार पाई। (हदीसः बुख़ारी, मुस्लिम) यहाँ यह बात सामने रहनी ज़रूरी है कि ख़ुदा ने हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम को अरब देश मे पैग़म्बर बनाकर भेजा था और उनके ज़रिए से अपनी हिदायत सारे इन्सानों के लिए भेजने की व्यवस्था की थी। अरब में रेगिस्तान होने कीवजह से पानी की बड़ी कमी थी। वहाँ न नदियाँ थीं न नहरें, न बहुत ज़्यादा कूएँ थे और न पानी हासिल करने का कोई दूसरा मुनासिब साधन। इसके बावजूद पाकी और सफ़ाई की अहमियत और ज़रूरत को देखते हुए ख़ुदा के दीन इस्लाम ने पाक-साफ़ पानी से गन्दगी साफ़ करने का हुक्म दिया और हर मुसलमान-मर्द व औरत के लिए दिन में कम-से-कम पांच बार नमाज़ के लिए वुज़ू और ज़रूरत के लिहाज़ से ग़ुस्ल का हुक्म दिया, बल्कि कुछ अवसरों पर इन्हें ज़रूरी ठहराया। सफ़ाई और पाकी हासिल करने में पानी का इस्तेमाल किया जाता है। यहाँ इस्लाम की यह हिदायत भी सामने रहे कि वह ग़ैर-ज़रूरी तौर पर बेतहाशा पानी बहाने को मना करता है और इसे फ़ुज़ूलख़र्ची क़रार देता है। इसलिए ज़रूरत के लिहाज़ से ही पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। ''हज़रत अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रज़ि रिवायत करते है कि नबी हज़रत सअ्द रज़ि के पास आए, वे वुज़ू कर रहे थे। नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया ऐ सअ्द!वुज़ू में यह फ़ुज़ूलख़र्ची क्यों? सअ्द ने कहा, क्या वुज़ू में भी (पानी की) फ़ुज़ूलख़र्ची होती है? नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, हाँ, चाहे तुम बहती हुई नहर पर वुज़ू कर रहे हो।''

(हदीसः मुसनद अहमद-7065) क़ुरआन में भी हर तरह की फ़ुज़ूलख़र्ची से रोका गया है ''फ़ुज़ूलख़र्ची न करो, क्योंकि फ़ुज़ूलख़र्ची करनेवाले शैतान के भाई हैं और शैतान अपने रब का नाफ़रमान है।''(क़ुरआन, सूरा-17 बनी-इस्राइल, आयत-26-27) पानी ख़ुदा का अनमोल उपहार है जो उसने इन्सानों और दूसरे जीव-जन्तुओं की ज़रूरत के लिए प्रदान किया है, इसलिए उसको बरबाद करने से बचना चाहिए। इसी वजह से नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने रुके हुए पानी में पेशाब या अन्य गन्दगी करके उसे गन्दा करने से मना किया है। हदीस में है कि ''हज़रत जाबिर रज़ि रिवायत करते हैं कि नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने रुके हुए पानी में पेशाब (या अन्य गन्दगी) करने से मना किया है।''

(हदीसः मुस्लिम-282) रुके हुए पानी में पेशाब और गन्दगी करने से वह पानी किसी के इस्तेमाल के लायक़ नहीं रहता। इस तरह यह पानी की बरबादी ही है। अगर कोई अनजाने में इस गन्दे पानी को इस्तेमाल करले तो वह निभिन्न प्रकार की बीमारियों का शिकार हो सकता है। ग़ुस्ल में



पानी और तयम्मुम में मिट्टी की ज़रूरत होती है। आदमी अगर बीमार है और पानी उसके लिए नुक़सानदेह है, या आदमी ऐसी जगह पर है जहाँ दूर-दूर तक पानी मौजूद नहीं और आदमी पर वुज़ू या ग़ुस्ल ज़रूरी हो गया है तो मजबूरी की ऐसी हालत में अगर आदमी पानी से वुज़ू या ग़ुस्ल किए बिना नमाज़ वग़ैरा पढ़ता है तो अपने नापाक होने का एहसास उसके अन्दर बाक़ी रहता है। इसलिए मजबूरी की इन हालतों में मेहरबान ख़ुदा ने पाकी हासिल करने के लिए और मन से नापाकी के एहसास को ख़त्म करने के लिए तयम्मुम करने का तरीक़ा बताया है। तयम्मुम यह है कि आदमी पाक-साफ़ मिट्टी पर हाथ मारकर अपने चेहरे और हाथों पर फेर ले। इस तरीक़े से आदमी पाक हो जाएगा और उसके भीतर से नापाकी का एहसास ख़त्म हो जाएगा और पाकी की अहमियत, ज़रूरत और उसकी क़द्र उसके भीतर बनी रहेगी। क़ुरआन मजीद में है कि ''अगर तुम जुनुबी (यानी नापाकी की हालत में) हो तो (नहा धोकर) अच्छी तरह पाक हो जाओ। लेकिन अगर तुम बीमार हो या सफ़र की हालत में हो या तुममें से कोई पाख़ाना-पेशाब करके आए या तुमने बीवियों से सहवास किया हो और (वुज़ू या ग़ुस्ल वग़ैरा के लिए) पानी न मिले, तो पाक-साफ़ मिट्टी से तयम्मुम कर लो, यानी मिट्टी पर हाथ मारकर अपने चेहरों और हाथों पर फेर लो।''

(क़ुरआन, सूरा-5 माइदा, आयत-6) मजबूरी की इन हालतों में पाकी हासिल करने और मन से नापाकी का एहसास ख़त्म करने के लिए तयम्मुम करने का जो तरीक़ा बताया गया है उससे यह साबित होता है कि इस्लाम एक साइंटिफ़िक और व्यावहारिक (अमली) धर्म है, जिसमें इनसानों की नफ़्सियात (मनोस्थिति), फ़ितरी ज़रूरतों और मजबूरियों का पूरा लिहाज़ रखा गया है। माहवारी का ख़ून वह कहलाता है जब औरतों को माहवारी (मासिक धर्म) की हालत होती है, इसलिए क़ुरआन में इस हालत में उनके साथ सम्भोग (सोहबत) से बचने का हुक्म दिया गया है और बताया गया है कि जब माहवारी का ख़ून आना बन्द हो जाए तो उन्हें नहा-धोकर पाक-साफ़ हो जाना चाहिए। कहा गया कि ''(ऐ पैग़म्बर) लोग आपसे पूछते हैं कि माहवारी की हालत का क्या हुक्म है? (यानी इस हालत में बीवियों के साथ सहवास के बारे में क्या हुक्म है?) कह दीजिए कि वह एक गन्दगी की हालत है। इसलिए माहवारी की हालत में बीवियों से (सम्भोग करने से) परहेज़ करो जब तक कि वे पाक-साफ़ न हो जाएं। फिर जब वे अच्छी तरह पाक-साफ़ हो जाएं तो उनके पास जा सकते हो उस तरीक़े से जैसे ख़ुदा ने तुम्हें आदेश दिया है। बेशक ख़ुदा ख़ूब तौबा करनेवालों को पसन्द करता है। और पसन्द करता है उन लोगों को जो ख़ूब पाक-साफ़ रहते हैं।''

(क़ुरआन, सूरा-2 बक़रा, आयत-222) माहवारी का ख़ून नापाक है और जिस कपड़े वग़ैरा पर वह लग जाता है वह भी नापाक हो जाता है, इस लिए उसे अच्छी तरह साफ़ करना ज़रूरी है। हज़रत असमा बिन्ते अबू-बक्र रज़ि कहती हैं कि ''एक औरत ने ख़ुदा के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम से पूछा कि अगर हममें से किसी औरत के कपड़े पर माहवारी का ख़ून लगा हो तो आपका क्या हुक्म है? हम क्या करें?'' पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने जवाब दिया कि ''अगर तुम में से किसी औरत के कपड़े पर माहवारी का ख़ून लग जाए तो उसे रगड़े, फिर थोड़ा पानी डालकर उसे साफ़ कर दे, फिर उस कपड़े में नमाज़ पढ़ी जा सकती है।'' (हदीसः बुख़ारी:307) वीर्य और अन्य सभी प्रकार की गन्दगी से कपड़े और जिस्म को पाक करने का इस्लाम हुक्म देता है। कुत्ते का जूठा नापाक है। हज़रत अबू-हुरैरा रज़ि कहते है कि ख़ुदा के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ''अगर कुत्ता तुम्हारे बर्तन में मुँह डाल दे तो उस को पाक-साफ़ करने का तरीक़ा यह है कि उस बर्तन को सात बार धोओ और पहली बार मिट्टी से धोओ।''

(हदीसः मुस्लिम-279) यूँ तो उन बहुत-से जानवरों का जूठा नापाक है जिनका गोश्त नापाक (यानी खाना हराम) है, जैसे सूअर वग़ैरा, लेकिन कुत्ते के मुँह में इस तरह के कीटाणु पाए जाते हैं जो इन्सान की सेहत के लिए इतने ज़्यादा नुक़सानदेह हैं कि अगर ये कीटाणु इन्सान के ख़ून में शामिल हो जाएं तो वह कुत्ते की तरह भोंक-भोंककर मौत का शिकार हो जाता है। इसी लिए मेहरबान ख़ुदा ने अपने बन्दों को इस ख़तरे से बचाने के लिए अपने पैग़म्बर के ज़रिए से यह ख़ास हिदायत दी है कि कुत्ता अगर किसी बर्तन में मुँह डाल दे तो वह बर्तन नापाक (अपवित्र) हो जाता है और उसे तभी इस्तेमाल किया जा सकता है जब उसे सात बार धो लिया जाए। तथा धोने के लिए एक बार मिट्टी, राख या साफ़ करने वाली कोई दूसरी चीज़ इस्तेमाल की जाए। अगर बर्तन में कोई चीज़ रखी हुई है तो वह भी कुत्ते के मुँह डालने से गन्दी हो जाती है और उसे भी इस्तेमाल करना मना है। इस वजह से और कुछ दूसरी ख़राबियों की वजह से इस्लाम ने इस बात से भी मना किया है कि घरों में कुत्ता पाला जाए। बताया गया है कि जिस घर में कुत्ता पला हुआ हो उसमें ख़ुदा की रहमत के फ़रिश्ते नहीं आते। यानी ख़ुदा की रहमत से वह घर ख़ाली रहता है और ख़ुदा की नाराज़गी का सबब बनता है। जब घर में कुत्ता पला होगा तो उसे खाने-पीने की चीज़ों में मुँह डालने से रोक पाना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन होगा। हाँ खेत वग़ैरा की रखवाली के लिए कुत्ता पाला जा सकता है, मगर उसका आना-जाना घर में न हो। हमें मेहरबान ख़ुदा का शुक्र गुज़ार होना चाहिए कि उसने हमें कितने बड़े ख़तरों से बचाने के लिए अपने पैग़म्बर के ज़रिए से हमारी रहनुमाई की।

हमें चाहिए कि हम ख़ुदा की भेजी हुई शिक्षाओं पर अमल करें और उसकी भेजी हुई हिदायत की क़द्र करें। सफ़ाई के बारे में कुछ दूसरी हिदायतों में दस फितरी बातें पेश की जाती हैं कि पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की बीवी हज़रत आइशा रज़ि कहती हैं कि पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ''दस चीज़ें प्राकृतिक और फ़ितरी हैं। (1) मूंछ काटना, (2) दाढ़ी रखना, (3) दातुन (मिसवाक) करना, (4) नाक को पानी डालकर साफ़ करना, (5) नाख़ून काटना, (6) जोड़ों को धोना, (7) बग़ल के बाल साफ़ करना, (8) नाफ़ (नाभि) के नीचे के बाल साफ़ करना, (9) पाख़ाना-पेशाब (शौच) के बाद पानी से पाकी हासिल करना। रिवायत करनेवाले कहते हैं कि मैं दसवीं चीज़ को भूल गया। शायद वह है (10) कुल्ली करना।''

(हदीसः मुस्लिम-26) यूं तो इस्लाम की सारी तालीमात, शिक्षाएं इन्सानी प्रकृति, फ़ितरत के अनुकूल हैं, मगर इन दस बातों को ख़ास तौर से प्रकृति, फ़ितरत के मुताबिक़ इसलिए कहा गया है कि इन्हें हर व्यक्ति तस्लीम करता है। इनका प्राकृतिक और फ़ितरी होना हर एक पर वाज़ेह है। इस हदीस में यह बात बताई गई है कि इन दस बातों पर अमल होना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति इन बातों पर या इनमें से किसी एक पर भी अमल नहीं करता तो वह फ़ितरत के ख़िलाफ़ काम करता है।

## व्यंग्य

रमेश लांजेवार


# कलाल-कलार समुदाय के भगवान सहस्त्रार्जुन आर्थिक विकास निगम के घोड़े कहां रुके?

हम इस बात का भी स्वागत करते हैं कि राज्य के कुछ समुदायों को बिना किसी संघर्ष के आर्थिक विकास महामंडल की शीघ्रता से प्राप्ति हुई है। क्योंकि इससे समुदाय का विकास होगा, चाहे वह कोई भी समुदाय हो। लेकिन पिछले चार वर्षों से महाराष्ट्र कलाल-कलार समुदाय संगठन आर्थिक विकास महामंडल के लिए संघर्ष कर रहा है और न्यायालय में इसकी मांग कर रहा है, लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार इसे नजरअंदाज कर रही है। कलाल-कलार समुदाय के लिए भगवान सहस्त्रार्जुन आर्थिक विकास महामंडल दिलाने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्रजी फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और एकनाथराव शिंदे, अतुल सावे को लिखित ज्ञापन भी दिया गया था। इसके साथ ही अन्य मंत्रियों को भी ज्ञापन दिया गया और इस बारे में चर्चा भी हुई और उन्होंने ठोस आश्वासन भी दिया। यह आपके समुदाय का एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, इसलिए कलाल-कलार समुदाय के लिए भगवान सहस्त्रार्जुन आर्थिक विकास महामंडल की स्थापना की जाएगी। लेकिन समुदाय इस बात से दुखी है कि आर्थिक विकास महामंडल की स्थापना के लिए सरकार की ओर से कोई आधिकारिक कार्रवाई या आंदोलन नहीं किया गया है। समाज ने न केवल मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा बल्कि मेल के माध्यम से कई पत्रों का आदान-प्रदान भी किया, लेकिन कलाल-कलार समाज को निराशा हाथ लगी। एक तरफ सरकार कलाल-कलार समाज को आर्थिक विकास महामंडल से बाहर कर रही है,

वहीं दूसरी तरफ सरकार द्वारा घोषित समाज का आर्थिक विकास महामंडल समाज के विकास के लिए काम कर रहा है। हमें इसका अफसोस है। समाज कोई भी हो, हर समाज का विकास होना चाहिए। 22 जून 2025 को कराड में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक में उन्होंने हर जिले में परशुराम भवन बनाने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि वे पारंपरिक पेशा (पुजारी) करने वालों को अवसर प्रदान करने के लिए आगे कदम उठाएंगे। हम दामले के काम का स्वागत करते हैं क्योंकि वे समाज को आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। सरकार यही अवसर महाराष्ट्र कलाल-कलार समाज संगठन को क्यों नहीं दे रही है? महाराष्ट्र कलाल-कलार समाज संगठन मांग कर रहा है कि सरकार कलाल-कलार समुदाय की पीड़ा को समझे और अन्य समुदायों की तरह कलाल-कलार समुदाय के लिए भगवान सहस्त्रार्जुन आर्थिक विकास महामंडल की स्थापना करे और समुदाय को विकास की धारा में लाए। माननीय देवेंद्रजी फडणवीस कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं, जिनमें मुख्य रूप से आपातकाल के दौरान कैदियों की पेंशन दोगुनी करने का निर्णय है। इसका स्वागत है। इस आधार पर संगठन सरकार से तत्काल अनुरोध कर रहा है कि वह कलाल-कलार समुदाय के विकास की दृष्टि से एक कदम आगे बढ़ाए और कलाल-कलार समुदाय के लिए भगवान सहस्त्रार्जुन आर्थिक विकास महामंडल की स्थापना कर समुदाय के विकास का मार्ग प्रशस्त करे। विकास के नाम पर कलार समाज को इंतज़ार!

# मराठी-हिंदी का हाथ में हाथ

श्रीपाद अपराजित



'येतो गं आई' (आ रहा हूं, मां) कहते हुए घर से निकला नागपुरी बच्चा, रास्ते में सहज ही पूछ लेता है. 'भैया, कितने बजे?' भाषाओं का यह सहज मेल विदर्भ में स्वाभाविक रूप से दिखता है। त्रिभाषा पाठ्यक्रम को लेकर उठे प्रस्ताव से राज्यभर में बहस शुरू हो गई है। बच्चों के लिए मातृभाषा सबसे नजदीकी होती है। अंग्रेज़ी के साथ जबरन हिंदी थोपी गई तो मराठी का गला घोंटा जाएगा. ऐसा आक्रोश अनेक जगहों पर देखा गया। विषय चूंकि छोटे बच्चों से जुड़ा है, इसलिए माता-पिता की चिंता स्वाभाविक है। विदर्भ में यह तीव्रता थोड़ी कम है। नागपुर में हिंदी का तीव्र विरोध कभी नहीं रहा। मराठी और हिंदी का सहअस्तित्व यहां थोड़ा अधिक गहराई से है। 'नागपुर' नाम की जिम्मेदारी समय-समय पर अलग-अलग हाथों में गई। आम जनता को भाषा का मिश्रण ही मिला। 1817 की सीताबर्डी की लड़ाई में मराठों की हार हुई और अंग्रेज़ों ने नागपुर पर कब्ज़ा किया। छिंदवाड़ा और छत्तीसगढ़ इसके अंतर्गत होने से नागपुर में हिंदी का प्रभाव शुरू से था। 1861 से 1956 तक नागपुर मध्य प्रांत की राजधानी था। 1903 में इसमें बरार क्षेत्र जोड़ा गया। 1956 में राज्य पुनर्गठन के बाद नागपुर मध्य प्रदेश की राजधानी बना। फिर यह मुंबई राज्य में और उसके बाद महाराष्ट्र में शामिल हुआ। इस पूरी उठापटक के बावजूद नागपुर में मराठी और हिंदी साथ-साथ बनी रहीं। यहां भाषाई दंगे कभी नहीं हुए। देश का पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 1975 में नागपुर में हुआ। वर्धा की राष्ट्रभाषा प्रचार समिति ने इसमें मेहनत की थी। 30 देशों से 122 प्रतिनिधि इसमें आए थे। मारीशस के प्रधानमंत्री शिवसागर रामगुलाम ने भले ही अंग्रेज़ी में भाषण दिया, लेकिन हिंदी की जबरदस्त सराहना की। मूलतः मराठी होते हुए भी हिंदी साहित्यकार अनंत गोपाल शेवड़े ने सम्मेलन का भार संभाला था। उन्होंने ही 'नागपुर टाइम्स' और 'नागपुर पत्रिका' जैसे हिंदी दैनिकों की स्थापना की थी। 'एक टोकरीभर मिट्टी' शीर्षक से हिंदी की पहली लघुकथा लिखने का श्रेय नागपुर के मूल मराठीभाषी लेखक माधवराव सप्रे को दिया जाता है। सप्रे ने लोकमान्य तिलक के लोकप्रिय समाचार पत्र का 'हिंदी केसरी' नाम से अनुवाद किया और तिलक का तेजस्वी राष्ट्रप्रेम पूरे देश में हिंदी के माध्यम से पहुंचाया। 2007 में नागपुर में हुए 80वें मराठी साहित्य सम्मेलन में अध्यक्ष अरुण साधू ने कहा था कि "मराठी लोगों की हिंदी के प्रति अधिक आत्मीयता ने मराठी की प्रगति में बाधा डाली।" 'येतो गं आई' कहते हुए घर से निकलने वाला नागपुरी बच्चा सहज ही पूछता है. 'भैया, कितने बजे?' भीड़ दिखते ही नागपुर के युवाओं का हिंदीप्रेम जाग जाता है। गोंदिया और भंडारा जिलों में हिंदी का व्यापक उपयोग होता है। वर्धा में तो अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ही स्थित है। सेवाग्राम में बापू और पवनार में विनोबा ने हिंदी का सर्वांगीण प्रचार किया। वऱ्हाड क्षेत्र में मराठी की आत्मीयता अधिक है। यहां की प्रमुख बोलियाँ 'झाडीबोली' और 'वऱ्हाडी' हैं। नागपुरी बोली में हिंदी का 'तड़का' महसूस होता है। बोली का गठन क्षेत्रीय अस्मिता पर आधारित होता है। आदिवासी बोलियों पर भी हिंदी का असर है। उनके स्कूलों में मराठी के साथ हिंदी के शब्दों की मिलावट देखी जाती है। नक्सलियों की पर्चियां हिंदी में ही छपती हैं।

सीताबर्डी में विदर्भ साहित्य संघ और हिंदी साहित्य सम्मेलन- दोनों के भव्य कार्यालय आमने-सामने स्थित हैं। जब स्वतंत्र विदर्भ राज्य की मांग उठती थी, तब यह आरोप लगता था कि सत्ता का नेतृत्व हिंदीभाषियों के हाथ में चला जाएगा। आज जब व्यापार क्षेत्र में अमराठी लोगों की संख्या बढ़ रही है, तब राजनीति में उनका दबदबा थोड़ा घट रहा है। राजनेताओं को सिर्फ सत्ता की भाषा समझ आती है। हाल के वर्षों में नवमहंतों के आध्यात्मिक प्रवचन हिंदी में होते हैं। इसके पीछे बड़ा आर्थिक गणित होता है। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में गैरमराठी लोग होते हैं। इन भव्य कार्यक्रमों के ज़रिए राजनीतिक पार्टियाँ अपनी नई वोटबैंक तैयार करती हैं। यही है सत्ता की भाषा की असली ताक़त!


❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं




मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप, चित्रकहरीतकी, वासावलेह, स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल, तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप, एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा, श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायलयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# अंकिता लोखंडे बनने वाली हैं मां



टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे अक्सर सुर्खियों में रहती हैं. वजह कभी उनका शो होता है, तो कभी खुद उनके वायरल वीडियो. इस वक्त एक्ट्रेस पति के साथ शो 'लाफ्टर शेफ 2' में नजर आ रही हैं. जहां दोनों की रोमांटिक केमिस्ट्री के साथ ही तीखी नोकझोंक भी देखने को मिलती है. इसी बीच कलर्स वालों ने एक वीडियो शेयर किया है.



जिसमें एक्ट्रेस कहती नजर आईं- मैं प्रेग्नेंट हूं, भाग नहीं सकती. वो कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक के पीछे भाग रही थीं, पर थोड़े ही दूर जाकर रुक गईं और सेट पर यह ऐलान किया.शो में भारती सिंह और अंकिता लोखंडे की प्रेग्नेंसी पर खूब चर्चा चलती है. जहां पहले भी एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की अफवाहें उड़ती रही हैं. अब तो वो खुद कहती नजर आईं कि प्रेग्नेंट हैं. हालांकि, अब यह छोटी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. जहां कुछ लोग इसे मस्ती में बोली गई बात कह रहे हैं. तो कुछ का कहना है कि हो भी सकता है कि एक्ट्रेस हिंट दे रही हो.'लाफ्टर शेफ 2' के सेट से एक वीडियो कलर्स वालों ने शेयर किया. इस वीडियो में कृष्णा अभिषेक एक्ट्रेस का खाने का सामान लेकर भाग जाते हैं. पूरे सेट पर काफी घूमने के बाद अंकिता लोखंडे कहती दिखीं कि- मैं प्रेग्नेंट हूं, भाग नहीं सकतीं. यह सुनकर कृष्णा अभिषेक हैरान रह गए. हालांकि, गुड न्यूज देने के बाद वो शरमाती हुई नजर आ रही थीं. कुछ ही देर बाद करण कुंद्रा ने भी पूछा, जो एक्ट्रेस ने सिर हिलाकर हां में जवाब दिया.लोगों ने वीडियो पर भर-भरकर कमेंट्स करने शुरू कर दिए हैं. कुछ लिखते हैं कि- क्या यह सच है और कुछ कहते हैं कि- एक्ट्रेस हिंट दे रही हैं. हालांकि, ऐसा वो पहले भी कई बार मजाक में कह चुकी हैं. एक्ट्रेस ने शो में कहा है, पर खुद कोई अनाउंसमेंट नहीं की है. एक्ट्रेस 40 साल की हैं और उनकी सास भी कई बार नेशनल टीवी पर बच्चे की बात कर चुकी हैं

# परवरिश को लेकर राहुल बोस ने किया खुलासा



एक्टर राहुल बोस लंबे वक्त से फिल्मी पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं. राहुल का फिल्मी ग्राफ भी कुछ खास नहीं रहा है. उनके अब तक के करियर में एक भी सुपरहिट फिल्म शामिल नहीं है. हालांकि बावजूद इसके उनके काम को काफी पसंद किया जाता है. राहुल बोस ने हाल ही में खुलासा किया कि वह ऐसे घर में पले-बढ़े हैं, जहां लैंगिक मानदंडों का उल्लंघन होता है. राहुल ने कहा कि जहां उनके पिता दिखने और कपड़ों को लेकर ज्यादा चिंतित रहते थे, वहीं उनकी मां करियर पर ध्यान देने को कहती थीं और वह उन्हें खेल खेलने पर मजबूर करती थीं.राहुल बोस ने कहा कि वह एक बेकार बच्चे थे और उनकी मां की कठोर परवरिश ने उन्हें वैसा बनाने में मदद की जो वह आज हैं. राहुल बोस ने एएनआई को बताया, "मैं इस शब्द के आने से बहुत पहले ही जाग गया था क्योंकि मेरी मां ने कभी खाना नहीं बनाया, मेरे पिता ने खाना बनाया. मेरी मां ने मुझे 5 साल तक हर दिन थप्पड़ मारे मैं इतना निकम्मा था. कि इससे मुझे ही मदद मिली.एक्टर ने आगे कहा, "आप आजकल ऐसा नहीं कह सकते, लेकिन मेरा विश्वास करो, मैं उन दिनों इतना निकम्मा था कि इससे ही मुझे मदद मिली. उन्होंने मुझे रग्बी और बॉक्सिंग खेलने के लिए मजबूर किया. मैंने स्कूल में बॉक्सिंग की थी और मेरे पिता इस बात से बहुत परेशान थे. वह चाहते थे कि मैं टोपी पहनूं ताकि धूप में मेरा रंग काला न हो जाए. वह चाहते थे कि मैं क्रिकेट खेलूं और सज्जन व्यक्ति बनूं. उन्होंने मुझे रग्बी खेलते देखा और जब वह मैदान में उतरे तो कभी मैदान की तरफ नहीं देखा मैं एक ऐसे पिता का बेटा हूं जो शादी में क्या पहनना चाहिए यह पूछते थे और एक ऐसी मां जो पूछती थी कि मुझे अपने करियर के साथ क्या करना चाहिए. यह बिल्कुल विपरीत है.

# कास्टिंग काउच का शिकार हुए अनुपमा के वनराज



छोटे पर्दे के पॉपुलर सीरियल अनुपमा में वनराज शाह का दमदार और शानदार किरदार निभाकर सुधांशु पांडे ने खुद को लोगों के दिलों तक पहुंचा दिया है. भले ही इस सीरियल में उनका किरदार काफी नेगेटिव था, लेकिन दर्शकों को उनका काम बेहद पसंद था. जब उन्होंने शो छोड़ा तो उनके चाहने वालों को शो में मजा आना कम हो गया. हाल ही में सुधांशु पांडे करण जौहर के रियलिटी शो द ट्रेटर्स में दिखाई दिए. अब उन्होंने कास्टिंग काउच को लेकर खुलकर बात की है. एक्टर ने बताया कि उन्हें इसका भी सामना करना पड़ा है.सुधांशु पांडे ने हाल ही में कई बातें शेयर कीं. फिल्मों, टीवी और म्यूजिक वीडियो के एक अनुभवी कलाकार रह चुके सुधांशु ने खुलासा किया कि उन्हें भी बॉलीवुड में कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा है. उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी और कहा, "हां, मैंने कास्टिंग काउच का सामना किया है. मुझे एक बहुत मशहूर फिल्म निर्माता ने यौन संबंधों के बदले काम ऑफर किया, जो अब इस दुनिया में नहीं है.'एक्टर ने आगे कहा,' भगवान उनकी आत्मा को शांति दे, वे दिग्गज फिल्म निर्माताओं में से एक थे. मुझे यह भूमिका एक समझौते के तहत दी गई थी. सुधांशु पांडे ने फिल्ममेकर को लेकर कहा कि उनके मन में उस व्यक्ति के प्रति कोई दुर्भावना नहीं है. उन्होंने कहा, "मेरे मन में उनके प्रति कोई खटास नहीं है, मुझे लगता है कि वे आपके सामने एक सिनेरियो पेश कर रहे थे – करना है या नहीं करना है, ये आप पर निर्भर करता है. मैंने कभी किसी के अहंकार को संतुष्ट करने की कोशिश नहीं की, जब भी मैंने कहा कि यह मेरे लिए ठीक नहीं है, मैंने आराम से मना कर दिया.

# उर्फी की बहन डॉली जावेद का सूफी पर फूटा गुस्सा



अपने अतरंगी स्टाइल और बेबाक बयानों के लिए सोशल मीडिया पर छाई रहने वाली उर्फी जावेद की बहन डॉली जावेद एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं. इस बार उन्होंने अमेजन प्राइम वीडियो के नए रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के कंटेस्टेंट सूफी मोतीवाला पर निशाना साधा है. डॉली ने सूफी को 'पाखंडी' करार देते हुए उनपर जमकर अपनी भड़ास निकाली है.दरअसल, कुछ दिन पहले 'द ट्रेटर्स' के तीन एपिसोड ओटीटी पर स्ट्रीम होने के बाद सूफी मोतीवाला ने एक सोशल मीडिया वीडियो में अपनी भड़ास निकाली थी. उन्होंने शिकायत की थी कि कुछ लोग उन्हें नीचा दिखाने के लिए अपशब्दों (गाली गलौज) का इस्तेमाल कर रहे हैं और साथ ही ये भी साफ किया कि अब उन्हें ऐसी बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता, वो किसी से भी हमदर्दी की उम्मीद नहीं कर रही हैं. दरअसल सूफी का निशाना उर्फी जावेद और उनकी बहनों पर था.सूफी का ये वीडियो वायरल होने के बाद डॉली जावेद ने उन पर तुरंत पलटवार किया. अपनी बहन उर्फी के पक्ष में हमेशा खड़ी रहने वाली डॉली ने तुरंत इंस्टाग्राम स्टोरी पर सूफी को आड़े हाथों लिया. डॉली ने पोस्ट में तीखा वार करते हुए लिखा, मैं ये इस शख्स को पूछना चाहती हूं कि जब लोग उसे धमकाते हैं, गाली देते हैं तो उसे बहुत बुरा लगता है. चलो, ठीक है, लेकिन फिर तुमने मेरी बहन को गाली क्यों दी.डॉली यहीं नहीं रुकीं, उन्होंने सूफी के दोहरे रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा, "मैं लोगों के बीच मशहूर होने के लिए, उनका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए गालियां देने के पक्ष में नहीं हूं, लेकिन, तुम बहुत पाखंडी हो. तुम दूसरों को गाली दे सकते हो? क्या ये तुम्हारे लिए सही है?! ठीक है, तो हम सभी एक-दूसरे को गाली नहीं दे सकते.

# आमिर बनाम रजनीकांत सीधी टक्कर तय



सुपरस्टार आमिर खान इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर लाइमलाइट का हिस्सा बने हुए हैं. इस फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की कहानी ने लोगों का दिल जीत लिया है. फिल्म जल्द ही भारत में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी. आर.एस. प्रसन्ना ने आमिर की इस फिल्म का डायरेक्शन किया है. वहीं सितारे जमीन पर के साथ-साथ आमिर खान के पास साउथ के मेगास्टार रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म कुली भी है. इस फिल्म में आमिर के रोल को लेकर नई अपडेट सामने आई है.ये बात तो किसी से छिपी नहीं है कि रजनीकांत की फिल्म में आमिर खान का स्पेशल कैमियो होने वाला है. इस फिल्म का डायरेक्शन लोकेश कनगराज ने किया है और यह 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है. फ़िल्म में आमिर का किरदार कैसा होगा, इसे लेकर नई जानकारी पता चली है.आमिर खान का किरदार कुली के लास्ट 15 मिनट में दिखाई देगा, जिसमें उनके रजनीकांत के साथ हाई-ऑक्टेन, मास-अपील वाले एक्शन सीन्स होंगे. रजनीकांत और आमिर खान कुली में एक साथ नजर आएंगे, इसमें उनके इनटेंस एक्शन और टकराव वाले सीक्वेंस भी शामिल हैं. आमिर को उनके काम में परफेक्शन के लिए जाना जाता है. रजनीकांत की इस फिल्म के लिए आमिर के लिए 10 दिन का शूटिंग शेड्यूल तैयार किया गया था, जो कैमियो से काफी ज्यादा है. दोनों सुपरस्टार हाई-एनर्जी फेस ऑफ स्पेस शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं. फैन्स भी इस टकराव को देखने के लिए काफी



एक्साइटेड हैं.हाल ही में ज़ूम के साथ बातचीत के दौरान, आमिर ने बताया कि वह कुली के लिए कैसे आए और कहा, मुझे इसे करने में बहुत मज़ा आया.

# बॉबी देओल के आगे भारी पड़े संजय दत्त

सन ऑफ सरदार 2ः बॉलीवुड के 'खलनायक' संजय दत्त जल्द बॉक्स ऑफिस हिलाने आ रहे हैं. शुरुआत होती है उनकी फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' से. फिल्म 25 जुलाई को रिलीज होने वाली है. जिसके कई पोस्टर्स सामने आ चुके हैं. यूं तो बीते दिनों अजय देवगन की फिल्म के सभी एक्टर्स दिखे थे, पर उसमें संजय दत्त नजर नहीं आए थे. ऐसी खबरें हैं कि एक्टर का अंदाज इस बार बदलने वाला है.द राजा साबः प्रभास की फिल्म 5 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. हाल ही में फिल्म का धांसू ट्रेलर सामने आया था, जिसमें संजय दत्त को देखकर हर कोई खुश हो गया. राजा, तांत्रिक या भूत आखिर वो फिल्म में क्या बनने वाले हैं, यह तो कन्फ्यूजन बना है. पर उनका पिक्चर में गजब का रोल होने वाला है.बागी 4 टाइगर श्रॉफ की यह पिक्चर 5 सितंबर, 2025 को रिलीज होगी. फिल्म से संजय दत्त का पहला लुक सामने आ चुका है. जिसमें खून ही खून और हाथों में एक लड़की को लिए बैठे थे. फिल्म में उनका खूंखार लुक लोगों को काफी पसंद आया है. वो सनकी आशिक बनकर टाइगर की मुश्किलें बढ़ाएंगे.रेंजरः इस फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन और संजय दत्त की जोड़ी देखने को मिलेगी. फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है. जगन शक्ति के डायरेक्शन में बन रही फिल्म में संजय दत्त विलेन बनने वाले हैं, जो अजय देवगन से भिड़ते नजर आएंगे. साल 2026 में फिल्म को लाने की प्लानिंग हो रही है. राजा शिवाजीः रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' साल 2026 में रिलीज होगी. कुछ वक्त पहले ही फिल्म का एक पोस्टर सामने आया था, जो छत्रपति शिवाजी महाराज पर बेस्ड है. कहा जा रहा है कि इस पिक्चर में संजय दत्त मुगल कैरेक्टर को प्ले करते दिखाई देंगे.



# पति के साथ कोजी मूड में आरती सिंह



टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस आरती सिंह इन दिनों अपने पति दीपक चौहान के साथ मालदीव में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं. आरती सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती नजर आ रही हैं. अब आरती सिंह ने वेकेशन से लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें एक्ट्रेस येलो कलर की बिकिनी में अपना कातिलाना अंदाज दिखा रही हैं. इन तस्वीरों में आरती सिंह और दीपक चौहान रोमांटिक अंदाज में पोज दे रहे हैं. इन तस्वीरों में एक्ट्रेस आरती सिंह अपने पति दीपक चौहान के साथ कोजी होकर पोज देती नजर आ रही हैं. फोटो में उन्होंने येलो बिकिनी पहनी है, जिसमें वह कातिलाना लग रही हैं.इस तस्वीर में आरती सिंह ब्लू कलर की बिकिनी में बला की खूबसूरत लग रही हैं. इस ब्लू ब्रालेट के साथ आरती सिंह ने डेनिम शॉर्ट्स पहने हैं. इस तस्वीर में दीपक चौहान आरती को प्यार से निहारती दिख रही हैं. इन तस्वीर में आरती सिंह और दीपक चौहान एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं. फोटोज में आरती इस ब्लू ब्रालेट में अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं.आरती सिंह और दीपक चौहान एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं. फोटोज में आरती इस ब्लू ब्रालेट में अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं.नेट के आउटफिट में आरती सिंह अपने टोन्ड लैग्स जमकर फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस तस्वीर में आरती और दीपक एक-दूसरे के साथ दिलकश अंदाज में पोज दे रहे हैं दोनों की यह तस्वीरें लोगों को काफी पसंद भी आ रही हैं.इस तस्वीर में आरती सिंह सीढ़ियों पर खड़ी होकर पोज दे रही हैं. फोटो में वह अपनी क्यूट और खूबसूरत स्माइल से फैंस के दिलों को लूट रही हैं.

# तारक मेहता शो छोड़कर रीटा रिपोर्टर की नई शुरुआत

टीवी के पॉपुलर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर चर्चा में है. वजह शो का लेटेस्ट ट्रैक है, जिसमें कुछ बदलाव होने की बात कही जा रही है. यूं तो इस शो के हर किरदार ने दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है. पर कुछ एक्टर्स ऐसे भी हैं जिन्हें शो से पहचान मिली, पर अब शो का हिस्सा नहीं हैं. शो में ऐसा ही एक किरदार तेज तर्रार 'रीटा रिपोर्टर' का था .तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की 'रीटा रिपोर्टर' का किरदार प्रिया आहूजा ने निभाया था. वो शो में 'कल तक' की रिपोर्टर के तौर पर काम करती थीं.



साथ ही गोकुलधाम सोसाइटी के मामलों को कवर करती हुई नजर आती थीं.'रीटा रिपोर्टर' का किरदार निभाने वाली प्रिया आहूजा शो में 2009-2010 और 2013-2022 तक नजर आईं थी. हालांकि, एक्ट्रेस साल 2022 के बाद शो में नजर नहीं आईं. प्रिया आहूजा ने असित मोदी पर कुछ आरोप लगाए थे. उनका कहना था कि पति के रिजाइन के बाद उन्हें बिना किसी नोटिस के शो से बाहर कर दिया गया था.दरअसल प्रिया आहूजा के पति मालव राजदा शो के डायरेक्टर रहे हैं. एक्ट्रेस का कहना था कि उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ मिक्स कर शो से बाहर कर दिया. एक्ट्रेस ने साल 2011 में मालव से शादी की थी. उनका एक बेटा है, पर 40 साल की प्रिया आहूजा अपनी फिटनेस से हर किसी को टक्कर देती हैं.तारक मेहता की रीटा रिपोर्टर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. साथ ही फिटनेस और फैशन के वीडियोज शेयर करती रहती हैं. सिर्फ खूबसूरती और फिटनेस ही नहीं, वो स्टाइल के मामले में भी किसी से कम नहीं हैं. सोशल मीडिया पर लोग उन्हें काफी प्यार देते हैं.हालांकि, प्रिया आहूजा की फिटनेस के अलावा उनकी पति मालव संग केमिस्ट्री भी लोगों को पसंद आती है. एक्ट्रेस अक्सर पति के साथ रोमांटिक तस्वीर शेयर करती हैं. एक्टिंग छोड़ उनका पूरा फोकस फिटनेस की तरफ है. वो खुद फिट रहने के साथ ही लोगों को भी इसके फायदे बताती हैं. साथ ही लंबे-लंबे वीडियो शेयर करती हैं.प्रिया आहूजा को हाल ही में टीवी शो 'गुम है. किसी के प्यार में' में देखा गया था. हालांकि, एक्ट्रेस ने बताया था कि उनके लिए सबसे मुश्किल वक्त लॉकडाउन का रहा था. वो अपनी जिंदगी खत्म करना चाहती थीं, लेकिन पति की मदद से उस सिचुएशन से बाहर निकल पाईं. अब फिटनेस के चलते चर्चा में रहती हैं.

# ग्राम स्तर पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की योजना बनाएं : पुलकित सिंह

## > चंद्रपुर जिले के गांवों का निरीक्षण किया जाएगा

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 1400 गांवों में "स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025" पहल के तहत केंद्र सरकार प्रत्येक परिवार के पास जाकर ठोस अपशिष्ट और सीवेज प्रबंधन के लिए बनाई गई सुविधाओं के उपयोग के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों की सफाई और बदली हुई मानसिकता का पता लगाने के लिए निरीक्षण करेगी। इसलिए सभी ग्रामीणों को जनभागीदारी और श्रमदान के माध्यम से इन सार्वजनिक सुविधाओं का पूरा उपयोग करना चाहिए और क्षेत्र की स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त जीवन को लागू करना चाहिए। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह ने यह अपील की है।

जिले की हर ग्राम पंचायत हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण पहल में भाग लेती है। यह टीम प्रत्येक ग्राम पंचायत से अद्यतन जानकारी लेकर केंद्र सरकार द्वारा स्थापित ठोस अपशिष्ट और सीवेज प्रबंधन सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए जिले में आएगी।

प्रत्येक ग्राम पंचायत का निरीक्षण करने के बाद एक हजार अंकों में से प्राप्त अंकों के आधार पर जिले की ग्रेडिंग की जाएगी। इसी तरह, चूंकि राज्य की भी राष्ट्रीय स्तर पर ग्रेडिंग की जाएगी, इसलिए प्रत्येक गांव को अपने गांव में सभी स्वच्छता सुविधाओं का नियमित उपयोग करना चाहिए। इस निरीक्षण के दौरान प्लास्टिक संग्रहण और प्रबंधन यानी छंटाई केंद्रों का निरीक्षण, खाद के गड्ढों का प्रबंधन , परिसर की सफाई के साथ-साथ गृह भ्रमण आदि के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी।

ठोस अपशिष्ट और सीवेज प्रबंधन सुविधाओं के प्रत्यक्ष निरीक्षण के लिए 120 अंक , ग्रामीणों की प्रतिक्रियाओं के लिए 100 अंक , गांव की सुविधाओं के उपयोग के लिए 240 अंक, जबकि वास्तविक निरीक्षण और अवलोकन के दौरान 540 अंकों की प्रश्नावली होगी ।



कुल 1000 अंकों में से प्राप्त अंकों के आधार पर, इस अभियान के दौरान देश और महाराष्ट्र का सबसे स्वच्छ और सुंदर गांव और ग्राम पंचायत घोषित किया जाएगा।

चूंकि यह निरीक्षण एक तृतीय पक्ष संगठन द्वारा किया जा रहा है, इसलिए गांव की सुविधाओं के उपयोग और बदलती मानसिकता के बारे में परिवारों से मिलने के अलावा, निरीक्षण किए जाने वाले मुख्य पहलू इस पहल को स्थायी बनाने के लिए गांव स्तर पर किए गए उपाय, ग्रामीणों की भागीदारी आदि हैं। गांव के दौरे के दौरान, स्वच्छता सुविधाओं का निरीक्षण , ग्रामीणों की भागीदारी, जन जागरूकता, दृश्यमान स्वच्छता आदि का निरीक्षण किया जाएगा।

परिवार के गृह भ्रमण के दौरान घर में स्वच्छता सुविधाओं की स्थिति, व्यक्तिगत शौचालयों का उपयोग, हाथ धोने की आदतें, सड़ने योग्य और न सड़ने योग्य कचरे का पृथक्करण और इसके लिए उपलब्ध सुविधाओं के अलावा सीवेज प्रबंधन पर किए गए काम आदि का मूल्यांकन किया जाएगा। गांव के दौरे के दौरान सड़क पर कहीं भी सीवेज और ठोस कचरा नहीं पड़ा था। इसके अलावा कचरा छंटाई केंद्र पर प्लास्टिक प्रबंधन किया जाता है। उत्पन्न खाद से उर्वरक के उत्पादन के लिए योजना बनाई गई है। इसके अलावा सीवेज प्रबंधन पर काम बहुत अच्छा किया गया है। सार्वजनिक स्थान साफ और सुव्यवस्थित हैं। आदि का निरीक्षण किया जाएगा। सार्वजनिक स्थान, जैसे धार्मिक स्थल , स्कूल, आंगनवाड़ी, परिसर , बाजार क्षेत्र, खुले में कचरा नहीं फैलाया जाता है। साथ ही, सार्वजनिक शौचालय की सुविधा साफ-सुथरी और उपयोग में है। कचरे की छंटाई के लिए एक छंटाई केंद्र है और क्षेत्र साफ-सुथरा है और गांव में सीवेज प्रबंधन की सुविधाएं हैं। ऐसा निरीक्षण और मूल्यांकन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्लास्टिक संग्रहण एवं प्रसंस्करण केंद्र के साथ-साथ गोवर्धन एवं सीवेज प्रबंधन आदि का मूल्यांकन किया जाएगा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अगर ग्राम पंचायत ने भविष्य में स्वयं सहायता समूहों या अन्य प्रणालियों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट और सीवेज प्रबंधन सुविधाओं को जारी रखने के लिए एक स्थायी योजना बनाई है, तो इसका भी मूल्यांकन किया जाएगा, इसलिए सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम जल आपूर्ति समिति के सदस्यों को सतर्क रहना चाहिए। सभी गांवों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के लिए गांव स्तर पर योजना बनानी चाहिए। यह अपील जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह ने की है।

# सह संरक्षक मंत्री आशीष जायसवाल की उपस्थिति में सैकड़ों महिला-पुरुष पार्टी में शामिल हुए...

**गढ़चिरोली:**



शिवसेना नेता और जिला सह संरक्षक मंत्री आशीष जायसवाल जब गढ़चिरौली जिले के दौरे पर थे, तब गढ़चिरौली के एक विश्रामगृह में उनकी उपस्थिति में विभिन्न दलों के पुरुष, महिला और युवा शिवसेना में शामिल हुए। इसमें धनोरा और अन्य तालुकाओं के युवा भी शामिल थे।

शिवसेना ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मोर्चा बनाना शुरू कर दिया है। चूंकि जायसवाल गढ़चिरोली जिले के सह संरक्षक मंत्री हैं, इसलिए इस जिले में चुनावों में पार्टी की सफलता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उन पर होगी। इसलिए, इस पार्टी प्रवेश ने दिखाया कि शिवसेना विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं को अपने पाले में लाने के लिए काम कर रही है।

इस अवसर पर पार्टी प्रवेश समारोह ना. जायसवाल ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख राकेश बेलसरे, संपर्क प्रमुख हेमंत जाम्बेवार, युवा सेना प्रमुख दीपक भारसाके, युवा सेना शहर प्रमुख कल्पक मुप्पीद्वार आदि समेत पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

पार्टी में शामिल होने वालों में भूषण यमवार, संकेत नामनुरवार, अंकित बुद्धलवार, महिम पठान, नयन खोबरागड़े, सागर कुमरे, राहुल कुमरे, संकेत मेश्राम, मनोज सुरपम, साहिल कुमरेवार, अंकुश मुत्तेमवार, गौरव खोबरागड़े और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। गढ़चिरोली जिले के रवींद्रपुर से बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय की सैकड़ों बहनें शिवसेना (एन.शिंदे) पार्टी में शामिल हुईं

### नियुक्ति पत्र पाने वालों के नाम

1. श्रीमती सपना बिनय मंडल - (महिला बंगाली अघाड़ी जिला प्रमुख गढ़चिरोली) 2. पिंकी अजय सरकार - (महिला बंगाली अघाड़ी तालुका प्रमुख), 3.जगदीश सुशील मंडल – (युवासेना जिला प्रमुख), 4. निरपद सुरेन गेन - (युवसेना तालुका प्रमुख), 5. प्रकाश प्रभात मंडल - (शिवसेना शिवदूत), 6. देव बहादुर सोनी - (मूलचेरा तालुका के प्रमुख), 7. पंकज गुरु पद गेन - (जयनगर शाखा प्रमुख), 8. नारायण किरण मंडल - (जयनगर उपशाखा प्रमुख), 9. कृष्णा कंगाल घोष - (जयनगर बूथ प्रमुख), 10. अमित निर्मल माझी - (जयनगर सचिव), 12. कालिदास विष्णु गेन - (जयनगर तालुका आयोजक), 13. श्रीमती सुनीता नृपेन विश्वास - (उपतालुका महिला बंगाली अघाड़ी), 14. श्रीमती पुनिमा खिरद मंडल - (जयनगर महिला शिवदूत महिला बंगाली अघाड़ी), 15. श्रीमती अनिता आशीष हलदर - (जयनगर महिला संघटिका महिला बंगाली अघाड़ी), 16. श्रीमती तुलसी निमाई बाई - (जयनगर महिला सचिव महिला बंगाली अघाड़ी), 17. श्रीमती माधुरी मनोज हलधर - (जयनगर महिला संपर्क प्रमुख महिला बंगाली अघाड़ी).

### शिव सेना (शिंदे समूह) जिला गढ़चिरोली

**प्रवेश लेने वाली महिलाओं के नाम इस प्रकार हैं**

1. ज्योतिका शिव राय, 2.सविता विधु बछर, 3. भागी गंगाधर मंडल, 4. सुजाता पंकज मंडल, 5. सुप्रिया सपन सरकार, 7. पुतुल परिमल मंडल, 8. पार्वती मंडल, 9. अंजना रमेश मंडल, 10. खुकु निर्मल मंडल, 11. काजल सतीश मंडल, 12. पापिया गौतम मंडल, 13. मालोती तपन मंडल, 14. अंजना रमेश मंडल, 15. गंगा कपिल मंडल, 16. सुमित्रा प्रशांत विश्वास. 17. शर्मिला देबेश मंडल.

# कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की!

## विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे का तीखा आरोप



**गढ़चिरोली.**

भारतीय जनता पार्टी गढ़चिरौली की ओर से 25 जून को विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे के कार्यालय में 'आपातकाल दिवस' काला दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. नरोटे ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को लेकर कांग्रेस की कड़ी आलोचना की।

इस अवसर पर बोलते हुए विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे ने कहा की 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और कांग्रेस सरकार ने देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र का गला घोंट दिया। पूरे देश पर तानाशाही थोप दी गई। संविधान पर हमला करके नागरिकों के मौलिक अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वतंत्रता को पूरी तरह से छीन लिया गया। पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया, विरोधियों को जेल में डाला गया, आम लोगों के अधिकार छीने गए - यह सब कांग्रेस ने किया।" उन्होंने 1975 की घटनाओं को याद किया, जब चुनाव न्यायालय ने रायबरेली से इंदिरा गांधी की उम्मीदवारी को अवैध घोषित कर दिया था और उनका सांसद का दर्जा रद्द कर दिया था। उन्होंने उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। हालांकि, अंतिम फैसला आने से पहले ही राष्ट्रपति ने देश में आपातकाल की घोषणा कर दी और 21 महीने के लिए अघोषित तानाशाही लागू कर दी। इस दौरान जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, जॉर्ज फर्नांडिस समेत लाखों कार्यकर्ताओं और नागरिकों को जेल में डाल दिया गया। मीडिया पर नियंत्रण कर दिया गया और लोगों के मौलिक अधिकारों पर अंकुश लगा दिया गया। विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे ने अपने भाषण में जोरदार आरोप लगाते हुए कहा, "इस दौरान जो हुआ, वह यह है कि कांग्रेस पार्टी ने सही मायनों में भारतीय लोकतंत्र की हत्या की।"इस मौके पर मंच पर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश बारसागड़े, पूर्व विधायक डॉ. नामदेव उसेंडी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव रमेश भुरसे, भाजपा जिला महासचिव प्रकाश गेडाम, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल पोहनकर, प्रमोद पीपरे, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता हिंगे, जिला उपाध्यक्ष चंदा कोडवते, तालुका अध्यक्ष दत्तू सूत्रपवार, शहर अध्यक्ष अनिल कुनघाडकर और पूर्व तालुका अध्यक्ष विलास भांडेकर उपस्थित थे।

# लॉयड मेटल की ओर से 19 महिलाओं को चालक प्रशिक्षण के लिए भेजा गया...

**गढ़चिरोली.**




कोनसरी गांव की 19 महिलाएं रोजगार और स्वरोजगार के लिए लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) चालक के रूप में प्रशिक्षण लेंगी। उन्हें लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड (एलएमईएल) द्वारा 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा भेजा गया था। इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम माना जा रहा है।

लॉयड्स मेटल्स के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षण के लिए इन महिलाओं को ले जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर कोनसरी के सरपंच श्रीकांत पावड़े और एलएमईएल और एलआईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कोनसरी गांव की 19 महिलाओं को 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए छिंदवाड़ा के अशोक लीलैंड ले जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाई।

प्रशिक्षुओं और उनके परिवार के सदस्यों को संबोधित करते हुए पावड़े ने गांव की महिलाओं के लिए कौशल विकास का एक नया रास्ता खोलने के लिए लॉयड्स मेटल्स को धन्यवाद दिया। उन्होंने महिलाओं से अपने सशक्तिकरण और अपने परिवारों की बेहतरी के लिए प्रदान किए गए प्रशिक्षण अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

**आईटीआई चामोर्शी में ऑन-जॉब प्रशिक्षण का पहला बैच शुरू :** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चामोर्शी के 20 छात्रों के पहले बैच ने लॉयड्स कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र, कोनसरी में ऑन-जॉब प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में इन छात्रों को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इससे उन्हें अपने-अपने व्यवसायों में करियर के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। एलआईसीएल और लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑन-जॉब प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों से अपने-अपने व्यवसायों में अपने कौशल को बढ़ाने के लिए ऑन-जॉब प्रशिक्षण अवसरों का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया।

ऑन-जॉब प्रशिक्षण का दूसरा बैच 1 सितंबर से शुरू होगा। एलएमईएल ने गढ़चिरौली जिले के 35 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को पत्र भेजकर अपने छात्रों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भेजने की अपील की है।

# पाठशाला का पहला दिन

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर जिले में जिला परिषद की सभी शालाएं शुरू हो गई हैं , तथा सभी शालाओं में विद्यार्थियों का विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्वागत किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह ने सावली तालुका के चेकपीरांजी गांव में जिला परिषद की शाला में जाकर विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। विद्यार्थियों को प्रसन्नतापूर्ण वातावरण में शिक्षा प्रदान करें। ऐसे निर्देश भी मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह ने इस अवसर पर दिए। स्कूल में प्रवेश करने वाले सभी बच्चों को बैलगाड़ी में गांव के स्कूल लाया गया। सभी बच्चों का स्कूल में स्वागत किया गया। इसके अलावा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह के शुभ हाथों से उपस्थित सभी प्रथम श्रेणी के छात्रों को स्कूल की पाठ्यपुस्तकें, गणवेश और जूते आदि वितरित किए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह ने स्कूल , स्कूल परिसर , शौचालय, वाशरूम , रसोईघर का निरीक्षण किया। स्कूल परिसर में पेड़ लगाए गए। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों के साथ स्कूली जीवन की यादों के रूप में चर्चा की। छात्रों ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह के साथ चंचल माहौल में बातचीत की।

स्कूल में खुशी का माहौल बनाएं। चंद्रपुर जिले में अच्छे छात्र तैयार करें। स्कूल परिसर को हमेशा साफ रखें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह ने इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सावली पंचायत समिति के समूह विकास अधिकारी संजय नैताम , समूह शिक्षा अधिकारी मोरेश्वर बोंडे, केंद्र प्रमुख किशोर येंगंतीवार , प्रधानाध्यापक सुधाकर चारदुके , सरपंच उषा गेडाम उपस्थित थे.

# पोंभुर्णा तालुका में बिजली आपूर्ति बहाल करो, नहीं तो करेंगे जनआंदोलन

> विधायक सुधीर मुनगंटीवार की बिजली वितरण कंपनी को कड़ी चेतावनी

> बिजली सेवा में अनियमितताओं से नागरिक परेशान

**चंद्रपुर,**

पोंभुर्णा तालुका में लगातार बिजली गुल होने से नागरिकों में भारी असंतोष है। शिक्षा, कृषि, चिकित्सा सुविधाएं, उद्योग और दैनिक जीवन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। नागरिकों का कहना है कि यह स्थिति असहनीय हो गई है। इस पृष्ठभूमि में, पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन राज्य मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने जिलाधिकारी को एक लिखित ज्ञापन सौंपकर बिजली वितरण कंपनी की कार्यशैली पर सवाल उठाया है और व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है।

मुनगंटीवार ने एक ज्ञापन में कहा है कि, "बिजली वितरण प्रणाली में नियोजन की कमी और उदासीनता के कारण लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बार-बार बिजली गुल होने के कारण स्कूल-कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया और अन्य गतिविधियों में दिक्कतें आ रही हैं। किसान परेशान हैं और छोटे उद्यमियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सिस्टम द्वारा समय पर ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे हैं, मरम्मत में समय लगता है, इसलिए एक बार बिजली चली जाए तो उसे बहाल करने में काफी समय लगता है। इस संबंध में कई लोगों ने मुझसे शिकायत की है।

अगर यह पूरी स्थिति नहीं बदली, व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं हुए तो भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से बिजली वितरण कंपनी के खिलाफ जनांदोलन शुरू किया जाएगा, ऐसा मुनगंटीवार ने कहा है। उन्होंने बिजली वितरण कंपनी को सीधी चेतावनी देते हुए कहा है कि साथ ही उन्होंने प्रशासन के बिजली वितरण प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाते हुए व्यवस्थाओं से लोगों की भावनाओं को समझते हुए तत्काल कार्रवाई कर सुधार प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।


# घोटालेबाजों की एसआईटी से जांच होनी चाहिए

**गढ़चिरोली.**

राज्य में फर्जी शिक्षक भर्ती मामले की एसआईटी से जांच कराई जाए तथा विदर्भ में शिक्षा विभाग में अधिकारियों के रिक्त पदों को पदोन्नति के माध्यम से तत्काल भरा जाए, इन दो प्रमुख मांगों को लेकर विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से विधायक सुधाकर अड़बले के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना/प्रदर्शन किया जा रहा है।

नागपुर संभाग सहित राज्य में शिक्षा विभाग में फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाला चल रहा है। ज्ञान देने का काम करने वाले पवित्र शिक्षा विभाग में इस मामले की गहन जांच जरूरी है। जिस समय शिक्षा विभाग में शिक्षक भर्ती बंद हुई थी, उस समय नागपुर संभाग में फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाला सहित राज्य स्तर पर एसआईटी नियुक्त कर शिक्षा विभाग में की गई शिक्षक भर्ती की जांच की जानी चाहिए और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही विदर्भ में उपशिक्षा निदेशक (नागपुर/अमरावती), शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक/माध्यमिक), वेतन दल अधीक्षक (प्राथमिक/माध्यमिक), लेखा अधिकारी, गट शिक्षा अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं। अतः उपरोक्त सभी रिक्त पदों को पदोन्नति/स्थानांतरण द्वारा तत्काल भरा जाए, इन दो मुख्य मांगों को लेकर विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय विदर्भ स्तरीय धरना/प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा, जो 27 जून 2025 को शाम 4.00 बजे से 5.00 बजे तक शिक्षण उपसंचालक कार्यालय (नागपुर/अमरावती) के सामने आयोजित किया जा रहा है।

नागपुर शिक्षा उपसंचालक कार्यालय के सामने होने वाले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक तथा एम.आर.एम.एस.आई. महामंडल मुंबई के महासचिव वी.यू. दैगावणे करेंगे, जबकि अमरावती शिक्षा उपसंचालक कार्यालय के सामने होने वाले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बीमाशि संघ के सरकार्यवाह तथा विधायक सुधाकर अड़बले करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रांताध्यक्ष अरविंद देशमुख उपस्थित रहेंगे। विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रमेश काकड़े, जयप्रकाश थोटे, विजय थोकल, जयदीप सोनखसकर, संभाग अध्यक्ष चंद्रशेखर राहंगडाले, बालासाहेब गोटे, कोषाध्यक्ष भूषण तलहार, जिला, महानगर, तालुका पदाधिकारियों व सदस्यों ने विदर्भ के शिक्षकों व कर्मचारियों, समविचारी संगठनों व सदस्यों से बड़ी संख्या में इस धरना/प्रदर्शन में उपस्थित होने की अपील की है।



# सरकार की भव्य दावत पर उठे सवाल

> मुंबई में चांदी की थाली पर बवाल





**मुंबई.**

राज्य में बीते दिन विधान भावन में लोकसभा अध्यक्ष ओमर बिरला ने संसद की अनुमान समिति की हीरक जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया. ये आयोजन अब खाने को लेकर विवादों में घिर गया है.
इसके पीछे की वजह खाने की कीमत और जिस थाली में खाना परोसा गया वह चर्चा का विषय बनी हुई है.सोशल एक्टिविस्ट विजय कुंभार ने एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि यह समिति जो सादगी और फिजूलखर्ची पर रोक की बात करती है, उसने ही 27 लाख रुपये सिर्फ खाने पर कर दिए हैं. ये जनता के पैसे की बर्बादी है. विजय कुंभार अपनी पोस्ट में लिखा कि मुंबई के विधान भवन में पूरे देश से आए बजट समिति के सदस्यों के लिए राजसी दावत का आयोजन किया गया, जिसकी प्रति व्यक्ति लागत 4,500 रुपये थी.
इस दावत में खाने को चांदी की प्लेट्स में परोसा गया, जिनका प्रति प्लेट रेट 550 रुपये बताया गया है. करीब 600 मेहमानों के लिए, कुल खर्च 27 लाख रुपये बैठा. यह वही समिति है, जो सादगी का पाठ पढ़ाती है, लेकिन खुद जनता के पैसों की बर्बादी में डूबी रही.
इस शाही व्यवस्था को देखकर आम आदमी के टैक्स के पैसे को इस तरह लूटने वाले इन समूहों को शर्म कैसे न आए? क्या जनता के पैसे को इस तरह बर्बाद करने वाले वाकई मितव्ययिता की भाषा समझते हैं? यह सवाल अब हर नागरिक के मन में है!
कांग्रेस विधायक ने महायुति सरकार पर 'दोहरे मानदंड' अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि उसके पास गरीबों के लिए कोई पैसा नहीं है, लेकिन साथ ही सत्तारूढ़ गठबंधन राजनीतिक अभिजात वर्ग पर खर्च करने में कोई संयम नहीं दिखा रहा है. शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने आरोप लगाया, "महाराष्ट्र में हो रहे भ्रष्टाचार की तुलना दुनिया के किसी भी घोटाले से नहीं की जा सकती. यह बहुत ही उच्च स्तरीय घोटाला है.

### जनता के पैसे की बर्बादी- विजय कुंभार

विजय कुंभार ने कहा कि इस सम्मेलन में देशभर से 600 गेस्ट अध्यक्ष, सदस्य और अधिकारी शामिल हुए. उनके स्वागत में विधान भवन के बाहर 40 फुट ऊंचा बोर्ड लगाया गया, मानो यह कोई शाही स्वागत समारोह हो. अध्यक्षों और सदस्यों के लिए होटल ताज पैलेस में और अधिकारियों के लिए होटल ट्राइडेंट में ठहरने की व्यवस्था की गई थी. इतना ही नहीं, विधान सभा परिसर में मखमल के कपड़े के डाइनिंग मंडप बनाए गए, बड़े-बड़े झूमर लगाए गए और हॉल से लेकर डाइनिंग एरिया तक लाल कालीन बिछाए गए.

# सोने की बड़ी सेंधमारी कार समेत गिरफ्तारियां

**मुंबई.** राज्य की बोरीवली की एमएचबी कॉलोनी पुलिस ने 13 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के सोने के जेवर चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में राजकोट (गुजरात) के रहने वाले 19 वर्षीय जिग्नेश कुचड़िया, उसके पिता नाथाभाई कुचड़िया और उसका दोस्त यश जीवाभाई शामिल हैं. पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से करीब 13 किलो सोना और एक थार कार बरामद की है. जानकारी के मुताबिक जिग्नेश राजस्थान की एक ज्वेलरी कंपनी में काम करता था. 20 जून को वह मुंबई आया था. इसी दौरान अपने साथी की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर उसने फ्लैट से सोना चोरी किया और अपने पिता की मदद से बोरीवली के संजय गांधी नेशनल पार्क इलाके से थार गाड़ी में बैठकर गुजरात भाग गया. जेपी एक्सपोर्ट्स गोल्ड एंड डायमंड ज्वेलरी की गुजरात स्थित कंपनी गुजरात साउथ रीजन में सोने की बिक्री करती है. कंपनी के सेल्स प्रतिनिधि आनंद सुरेश भाई घाणजा (उम्र 29 वर्ष) ने अपने सहायक जिग्नेश नाथाभाई कुचड़िया (उम्र 19 वर्ष) को ग्राहकों से ऑर्डर लेने के लिए मुंबई भेजा था. 20 जून 2024 की रात, जब आनंद सुरेशभाई घाणजा फ्लैट में मौजूद नहीं थे, तभी आरोपी जिग्नेश ने अपने पिता नाथाभाई हरसतभाई कुचड़िया व उनके दोस्त यश जीवाभाई ओडेदरा की मदद से फ्लैट से कुल 13 किलो सोने के आभूषण (अनुमानित कीमत 13, 35, 61,320/) चोरी किए और संजय गांधी नेशनल पार्क इलाके से थार वाहन द्वारा गुजरात भाग गए. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त आनंद भोईटे के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणेश पवार ने विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की. आरोपियों के गुजरात भागने की आशंका के चलते रेलवे मार्ग, सड़क मार्ग व विमान मार्ग पर निगरानी बढ़ाई गई. तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल लोकेशन व सीसीटीवी फुटेज की मदद से गुजरात के पिछोला टोल नाके के पास आरोपियों की तलाश की गई. जिग्नेश नाथाभाई कुचड़िया, उसके पिता नाथाभाई हरसतभाई कुचड़िया और दोस्त यश जीवाभाई ओडेदरा को एक महिला साथ एक वाहन में देखा गया. इस टीम ने तेजी से कार्रवाई कर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया.पूछताछ में तीनों ने अपना गुनाह कबूल किया. चोरों से थार वाहन, मोबाइल, सोना व अन्य सबूत जब्त किए गए हैं. आरोपी नाथाभाई ने यह भी कबूला कि वह पहले भी इस तरह की वारदात कर चुका है. गुजरात राज्य के पोरबंदर, राजकोट, जामनगर, जूनागढ़ में मुंबई पुलिस की विशेष टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से 72 घंटे के अंदर यह सफलता हासिल की.

# बिना सबूत महिला हुई बरी शक से नहीं चलता केस



**ठाणे.**

राज्य के ठाणे की एक कोर्ट ने साल 2018 के हत्या के एक मामले में 36 साल की महिला को बरी करते हुए कहा कि आरोपी पर संदेह तो था, लेकिन अभियोजन पक्ष उसके अपराध को साबित करने में विफल रहा. प्रधान जिला और सत्र जस्टिस एसबी अग्रवाल ने सोमवार को एक आदेश में कहा, "शक चाहे कितना भी मजबूत क्यों न हो, सबूत की जगह नहीं ले सकता.कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के प्रस्तुत परिस्थितिजन्य साक्ष्य यह साबित करने के लिए अपर्याप्त थे कि आरोपी रूमा बेगम अनवर हुसैन लस्कर हत्या के लिए जिम्मेदार थी. अभियोजन पक्ष के मुताबिक, महिला ने कबीर अहमद लस्कर की कपड़े से गला घोंटकर, उसके गुप्तांगों पर धारदार हथियार से वार कर और ईंट से हमला कर कथित तौर पर हत्या कर दी थी. महाराष्ट्र के ठाणे शहर के घोड़बंदर रोड पर साईनगर में एक बंद घर के अंदर 19 मार्च, 2018 को मकान मालिक ने चादर में लिपटा हुआ एक क्षत विक्षत शव देखा था. घटना के बाद महिला को बेंगलुरु में ढूंढ लिया गया था.अनवर हुसैन पूर्व में बेंगलुरु में एक साइकिल स्टोर पर महिला के साथ काम करता था और बाद में वह ठाणे के कासरवडवली इलाके में एक साइकिल की दुकान पर काम करने लगा. अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि दोनों 2016 और 2018 के बीच रिश्ते में थे, जो अंततः शादी को लेकर विवादों के कारण खराब हो गया. यह मामला पूरी तरह से परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित था, जिसमें मोबाइल कॉल डेटा रिकॉर्ड (सीडीआर) और मकान मालिक व उसकी पत्नी के बयानों पर काफी हद तक भरोसा किया गया था. अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि आरोपी महिला बेंगलुरु से ठाणे आई और उसे अनवर हुसैन के साथ देखा गया था. कोर्ट ने घटना के पीछे मकसद, प्रत्यक्षदर्शियों और विश्वसनीय पहचान प्रक्रियाओं जैसे पुष्टि करने वाले सबूतों की कमी पर गौर किया.जस्टिस ने कहा कि किसी से भी आरोपी महिला की पहचान नहीं कराई गई थी और लगभग छह साल बाद पहली बार मकान मालिक ने कोर्ट के सामने आरोपी महिला की पहचान की. कोर्ट ने यह भी कहा कि फोरेंसिक विश्लेषण में चाकू, अंगवस्त्र, ईंट और बिस्तर की चादर जैसी वस्तुओं पर मानव रक्त पाया गया, लेकिन इनमें से कोई भी सीधे तौर पर आरोपी से जुड़ा नहीं था.

जस्टिस ने कहा, 'शक चाहे कितना भी मजबूत क्यों न हो, सबूत की जगह नहीं ले सकता.' कोर्ट ने कहा कि इसलिए आरोपी को तत्कालीन भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत दंडनीय अपराध के आरोप से बरी किया जाता है.

# 13 साल के छात्र ने लिया पुरानी रंजिश का बदला

## स्कूल में सीनियर की हत्या

**अहिल्यानगर.**

राज्य के अहिल्यानगर में एक आठवीं कक्षा के छात्र ने एक दसवीं कक्षा के छात्र की स्कूल में हत्या कर दी. आरोपी ने छात्र पर चाकू से वार किया, जिसके बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई. बताया जा रहा है कि दोनों के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर पहले झगड़ा हुआ था. इसी रंजिश में 13 साल के छात्र ने अपने सीनियर को मार डाला.महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में एक आठवीं कक्षा के छात्र ने एक दसवीं कक्षा के छात्र की हत्या कर दी. छात्र ने स्कूल में इस घटना को अंजाम दिया. दोनों छात्र सर्जेपुरा इलाके के रहने वाले थे और एक ही स्कूल में पढ़ते हैं. बताया जा रहा है कि सर्जेपुरा की गली में क्रिकेट खेलने को लेकर दोनों के बीच पहले झगड़ा हो गया था. उसी रंजिश को दिल में रखकर आठवीं के छात्र ने स्कूल में ही दसवीं के छात्र की हत्या कर दी. आरोपी छात्र की उम्र 13 साल है, जिसने मृतक के पेट और गर्दन पर चाकू से वार किया था, जिससे उसकी स्कूल में ही मौत हो गई. पुलिस ने आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया है. घटना को लेकर बताया जा रहा है कि कल दोपहर जब दसवीं का छात्र टिफिन खा रहा था. तभी वहां आठवीं कक्षा छात्र आया. दोनों की नजरें आपस में मिलीं और दोनों के बीच फिर से झगड़ा शुरू हो गया.पिछले साल मृतक छात्र के परिजनों ने तोफखाना पुलिस थाने में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी. इस मामले में पुलिस ने आठवीं कक्षा के नाबालिग छात्र को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच की जा रही है. इस तरह मामूली झगड़े ने खूनी रूप ले लिया और एक छात्र ने दूसरे छात्र की स्कूल में ही जान ले ली. 10वीं के छात्र की मौत के बाद उसके घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है. मृतक छात्र ने आरोपी को देखकर कहा, "क्या देख रहा है' बस फिर क्या था. इसी बात को लेकर दोनों के बीच मारपीट होने लगी. इसी दौरान आठवीं के छात्र ने पास में रखा चाकू उठाया और अपने सीनियर के पेट और गर्दन पर वार कर दिया, जिससे दसवीं कक्षा के छात्र की मौके पर ही मौत हो गई. दरअसल, दोनों छात्रों के बीच क्रिकेट को लेकर उनके घर के पास की गली में ही विवाद हुआ था.

# बीजेपी विधायक बबनराव का विवादित बयान



**मुंबई.** राज्य की सियासत में जुबानी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है. कभी भाषा को लेकर, तो कभी किसी और मुद्दे को लेकर बयानबाजी तेज हो रही है. इसी बीच बीजेपी विधायक बबनराव लोनीकर का एक बयान राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा रहा है. जालना जिले के परतुर में एक सौर ऊर्जा परियोजना के उद्घाटन के दौरान उन्होंने ऐसा बयान दिया, जिसे लेकर विपक्ष हमलावर हो गया है और सोशल मीडिया पर भी उनकी आलोचना की जा रही है. विधायक लोनीकर ने अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समर्थक होने पर उठाए जा रहे सवालों पर गुस्सा जाहिर किया. उन्होंने कहा था. 'कुछ खाली दिमाग वाले युवा मुझे, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंधभक्त कहते हैं. मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि मुझे गाली देने वाले लौंडों की मां का वेतन और पिता की पेंशन का भुगतान भी सरकार द्वारा किया जा रहा है.' लोनीकर ने अपने बयान में आगे कहा, 'जो लोग सोशल मीडिया पर मेरे खिलाफ लिख और बोल रहे हैं उनके पिता को नरेंद्र मोदी ने बुवाई हेतु 6 हजार रुपये दिए. "आपके तन पर जो कपड़े हैं, पैरों में जो चप्पल-जूते हैं, वह सब सरकार की देन है. हालांकि यह पहली बार नहीं है जब लोनीकर अपनी भाषा को लेकर विवादों में घिरे हों.

# सोने की ठगी पर पुलिस की कार्रवाई

**मुंबई.** बीकेसी पुलिस ने मुंबई में एक धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ किया है, जो ज्वैलर्स को उनके 22 कैरेट के आभूषणों के बदले 24 कैरेट सोने का लालच देकर निशाना बनाता था. बीकेसी पुलिस ने इस घोटाले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों की पहचान राकेश लीलानी, मोहम्मद हनीफ अब्दुल्ला शमा और विक्रांत रंगराज पारेख के रूप में हुई है. आरोपी ज्वैलर्स से 22 कैरेट के सोने के बदले 24 कैरेट सोने के बिस्कुट और बार देने का लालच देकर संपर्क करते थे. ज्वैलर्स के सहमत होने के बाद, उनसे आभूषण बनाने और सोने की बार के बदले में उन्हें व्यक्तिगत रूप से डिलीवर करने के लिए कहा जाता था. हालांकि सौंपे गए बार नकली निकलते थे, जब तक धोखाधड़ी का पता चलता, तब तक आरोपी असली आभूषण लेकर गायब हो चुके होते हैं. पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने बहुत ही सावधानी से काम किया और हीरा व्यापार में अपने पिछले अनुभव का इस्तेमाल किया, जहां वे पहले दलाल के रूप में काम करते थे, ताकि ज्वेलर्स का विश्वास हासिल किया जा सके.

## पांच साल में 26 प्रश तक घटेंगे दाम

# राज्य में सस्ती होगी बिजली

**मुंबई.**




राज्य की फडणवीस सरकार राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी लेकर आई है. राज्य में बिजली सस्ती होने जा रही है. राज्य में पहली बार ऐसा हो रही है कि बिजली दरों में इतनी बड़ी कटौती की घोषणा की गई है.
पहले साल में 10 फीसदी और पांच साल में 26 फीसदी तक बिजली के दाम घटेंगे. इसके लिए राज्य में मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 का काम युद्धस्तर पर शुरू हो गया है. उन्होंने कहा कि आमतौर पर हर साल बिजली दरों में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की याचिकाएं दाखिल होती थीं. मगर महाराष्ट्र के इतिहास में पहली बार महावितरण ने बिजली दरों को कम करने के लिए याचिका दायर की, जिस पर एमईआरसी ने यह फैसला सुनाया है. इस फैसले से घरेलू उपभोक्ता, औद्योगिक उपभोक्ता और वाणिज्यिक उपभोक्ता तीनों श्रेणियों के उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा. फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में 70 फीसदी लोग हर महीने 100 यूनिट से कम बिजली का उपभोग करते हैं.
मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 का उद्देश्य लगभग 7000 मेगावॉट क्षमता वाली सौर परियोजनाएं 2025 तक स्थापित करना और कुल फीडर सौराइजेशन में 30% का लक्ष्य हासिल करना है.

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खुद ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है. उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी है. राज्य के इतिहास में पहली बार बिजली की दरों में पहले साल में 10 प्रतिशत और 5 साल में 26 प्रतिशत की कटौती की जाएगी. महावितरण की याचिका पर यह फैसला देने के लिए हम महाराष्ट्र राज्य विद्युत विनियामक आयोग के आभारी हैं.

# महाराष्ट्र में भाषा पर उद्धव की कड़ी प्रतिक्रिया



**मुंबई.** राज्य के स्कूलों में क्लास 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने के मुद्दे पर जारी विवाद के बीच शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने फिर महायुति सरकार को घेरा है. उन्होंने गुरुवार को आरोप लगाया कि बीजेपी भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और महाराष्ट्र में भाषाई आपातकाल लगा रही है. महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को लागू करने को लेकर उद्धव ठाकरे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम चुप नहीं बैठेंगे'. मुख्यमंत्री को जाहिर करना चाहिए कि हमारे राज्य में हिंदी लागू नहीं होगी. अब अच्छा चल रहा है, हमारा हिंदी फिल्म इंड्रस्टी का विरोध नहीं. कलाकार यहां लोकप्रिय होते हैं. देश में एक ही पक्ष रखने का उनका प्रयास है. यह भाषाई आपातकाल है. हम सख्ती स्वीकार नहीं करेंगे, हिंदी सब को आती है. हमारा देश संघ राज्य है, यहां भाषा के आधार पर प्रांत की रचना हुई है. शिवसेना प्रमुख ने आगे कहा, मैं मुख्यमंत्री था तब मराठी भाषा सख्ती से लागू थी. तब लोग कोर्ट में गए थे. मराठी रंगभूमि का हॉल बनाया था, लेकिन वो सरकार ने होने नहीं दिया. मैने और अजित दादा ने उद्घाटन किया था. उन्होंने ये भी कहा कि हिंदी भाषा की सख्ती होगी नहीं, बीजेपी का छिपा हुआ एजेंडा है. मराठी भाषा की इस लड़ाई में शामिल होने का आह्वान करता हूं. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, 'त्रिभाषा फार्मूला गुजरात में नहीं है.

# फर्जी पासपोर्ट से बांग्लादेश जा रही महिला गिरफ्तार

**मुंबई.**



मुंबई एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने एक संदिग्ध महिला यात्री को उस वक्त रोका जब वह खुद को भारतीय बताकर भारत से बांग्लादेश घूमने जा रही थी, लेकिन कुछ सवालों के जवाब उसकी 8 साल की बेटी से पूछे गए तो बड़ा खुलासा हुआ.बच्ची ने बताया कि वे भारत से बांग्लादेश अपने रिश्तेदारों के पास जा रहे हैं, जिससे अधिकारियों को शक हुआ और फिर अन्य अधिकारियों को बुलाकर मामले में गहराई से पूछताछ शुरू की गई. इमिग्रेशन अधिकारी गणेश गवली ने सहार पुलिस में दिए अपने बयान में बताया कि यह मामला 24 जून की सुबह तब सामने आया जब नवी मुंबई की रहने वाली चंपा मंडल (27) और उनकी 8 साल की बेटी हेमा एयर इंडिया की फ्लाइट से मुंबई से ढाका जा रही थी.
उन्होंने भारतीय पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज इमिग्रेशन अधिकारियों को दिखाए और बताया कि वे ढाका घूमने जा रहे हैं. इसके बाद जब इमिग्रेशन अधिकारी ने बांग्लादेश के पर्यटन स्थल, होटल की बुकिंग जैसी अन्य जानकारी मांगी गई और इसे सुनकर चंपा हड़बड़ा गई और यह वहां का जवाब देने लगी. जब उनके भारतीय होने का सबूत मांगा गया तो महिला ने तुरंत अपना बर्थ सर्टिफिकेट दिखाया.
इसे देखते ही अधिकारियों को और शक हुआ क्योंकि भारतीय जल्दी अपना जन्म प्रमाणपत्र लेकर नहीं घूमा करते. इसी बातचीत के दौरान बच्ची ने यह कह दिया कि वो बांग्लादेश में अपने घरवालों के पास जा रही है. महिला का जब मोबाइल देखा गया तो पता चला कि वो भारत में रहकर बांग्लादेश में अपने परिवार से लगातार संपर्क में थी. इसके बाद जांच की गई तो पता चला कि महिला बांग्लादेश की ही नागरिक है और 2008 में वो भारत आई.
2021 में उसने भारतीय नागरिक से शादी की, साल 2017 में उनसे एक बेटी पैदा हुआ, उस महिला ने साल 2015 में ढाका से अपना बांग्लादेशी पासपोर्ट बनवाया था. साल 2019 में महिला ने खुद का भारतीय पासपोर्ट बनवाया और फिर साल 2024 में महिला ने खुद की बेटी का फर्जी जानकारी के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाया. शक के आधार पर जब उसका मोबाइल खंगाला गया तो उनके कई और सबूत मिले.अब इस मामले में इमिग्रेशन अधिकारी गणेश गवली की शिकायत पर सिटी उर्फ चंपा मंडल के खिलाफ तकनीकी रूप से सहार पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है. बच्ची को बाल सुधार गृह भेजा गया है.

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आपके लिए व्यर्थ के वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। सामाजिक विषयों में आपकी काफी सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको योग्यता अनुसार काम मिलेगा जो आपकी खुशी का कारण बनेगा।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। किसी संपत्ति को लेकर कोई मामला यदि आपके लिए समस्या बना हुआ था, तो वह भी दूर होगा।

**मिथुन** -आज का दिन आपके लिए भाग्य की दृष्टि से अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम को लेकर बजट बनाकर चलें। आपकी सहनशीलता बढ़ेगी जो आपको खुशी देगी।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला आप है। जल्दबाजी में कोई काम ना करें और अपने आवश्यक कामों को गति देकर आगे बढ़ाते रहें। पारिवारिक रिश्तों में एकता बनी रहेगी।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा और आपके कौशल में सुधार लेकर आएगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपकी कलात्मक क्षमता बढ़ेगी। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा.

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए करियर में अच्छी सफलता लेकर आएगा। आपकी लोगों से सामंजस्यता बढ़ेगी और आप छुटपुट लाभ की योजनाओं पर भी पूरा ध्यान देंगे। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए व्यवसाय में कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने की आवश्यकता है। आपकी व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी भूमि, वाहन आदि की खरीदारी आप कर सकते हैं।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए मेहनत से अच्छा काम करने के लिए रहेगा। आप अपने मन में अहंकार बिल्कुल ना लगाएं और अपने कामों को आगे लटकाने की कोशिश न करें।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए अपने जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने खर्च पर भी थोड़ा ध्यान देकर करें। आपको अपने समय का सदुपयोग करने की आवश्यकता है।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कामकाज में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपको अपने डेली रूटीन को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करनी होगी।

# आशिष ने उठाए मुंबई चूहा मामले के सवाल

**मुंबई.** पिछले छह महीनों में मुंबई में 2 लाख 50 हजार चूहों को मारने का दावा भले ही बृहन्मुंबई महानगरपालिका कर रही हो, लेकिन यह पूरी बात बेहद संदिग्ध लगती है. इसलिए पिछले तीन महीनों के अभियान की जांच की जाए, मुंबई उपनगर के पालक मंत्री आशिष शेलार ने मनपा प्रशासन को ऐसे निर्देश दिए. मनपा का कहना है कि पिछले 6 महीनों में 2.5 लाख चूहों का खात्मा किया गया है. 1 जून से 21 जून तक के दौरान जहर की गोलियों से मारे गए चूहों की संख्या 1,741 और पिंजरे से पकड़े गए चूहों की संख्या 2,015 है. मुंबई के 17 वार्डों में 17 एजेंसियां यह काम करती हैं, जबकि पिंजरे लगाकर चूहे पकड़ने का काम मनपा के कर्मचारी करते हैं. लेकिन यह संपूर्ण आंकड़ा संदेहास्पद लग रहा है. वास्तव में कितने चूहे मारे गए? कहां फेंके गए? कितने क्षेत्रों में यह कार्रवाई हुई? क्या इसका कोई वीडियो या रिकॉर्डिंग किया गया? इन सभी बातों की पिछले तीन महीनों की जांच की जाए, ऐसा निर्देश मुंबई उपनगर के पालक मंत्री आशिष शेलार ने दिया.


## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

NP DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

अल्का ब्युटी पार्लर
अलग-अलग प्रकार के फेशियल थ्रेडिंग • वैक्सींग • स्पा ट्रिटमेंट हेअर एवं बॉडी हिना ट्रिटमेंट • ब्लीचिंग • मेहंदी ऑर्डर मॅनीक्यूर-पेडिक्यूअर • स्कीन ट्रिटमेंट हेअर पमिंग नेल ट्रिटमेंट • हेअर कटिंग पींपल ट्रिटमेंट • त्वचा (स्कीन) केअर मेकअप • हेअर कलरिंग साडी स्टाईल्स यहाँ ब्युटी पार्लर कोर्सेस के क्लासेस लिये जाते हैं।
अल्का वि. लाडे
9373108897 / 9373531205
प्लॉट नं. 57-सी, एम्प्रेस मिल क्वॉ. नं. 15 के पीछे, बेझनबाग, नागपुर

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

SWARNATYA MUSIC ACADEMY
Learn Music with Proper Exam Facility
Classes Conducted for
• Vocal Classical Singing • Light Music (with Karaoke) • Zumba • Yoga • Crochet • Macrame • Drawing • Paper Crafts
<: Contact :>
Mob - 9975757706, 9561674780
Adress : Plot no 212, Bengali Society, Kasturba Nagar, Jaripatka, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
• 19 मे शिमला मनाली • 2 जून केरल कन्याकुमारी रामेश्वरम • 15 जून आगरा मथुरा वृंदावन • 9 सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र • 10 ऑगस्ट गुजरात राजस्थान
संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390, 8698495200, 9823454945

ADMISSION OPEN RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket Karate Class • Swimming Pool Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
AU Avani Udyog (MSEDCL Approved Vendor)
Office Address: Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

इंग्लिश स्पीकिंग
E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY Talkative, Funny & Tricky
Morning / Evening BATCHES
अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से
हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है।
• STUDENTS • TEACHERS • HOUSEWIVES • JOB SEEKERS
NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM
9960462058,7498325477
नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी डॉ. (प्रा.) अभिषेक चिमणकर

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

अंकित एंटरप्राइजेस
आनंद ठेकेदार : 7219847962
बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर
हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे।
"सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञान हेतु संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

# आईसीसी ने क्रिकेट के 6 बड़े नियम बदले

## गलती पर लगेगा 5 रन का जुर्माना

**नई दिल्ली.** इंटरनेशनल क्रिकेट में 2 जुलाई से काफी कुछ बदलने वाला है. दरअसल आईसीसी ने में इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए कई नए नियमों को और खेल की शर्तों में बदलाव को मंजूरी दे दी है. इन बदलावों में वनडे में सिर्फ 35वें ओवर से सिर्फ एक गेंद के इस्तेमाल का नियम तो शामिल है ही लेकिन इसके साथ-साथ आईसीसी ने टेस्ट में स्टॉप क्लॉक नियम लागू कर दिया है. यही नहीं अगर कोई कैच साफ नहीं है और खिलाड़ी अगर उसके बावजूद बल्लेबाज के आउट होने का दावा करता है तो उसे नो बॉल करार दिया जाएगा. आइए आपको बताते हैं कि आईसीसी ने कौन से बड़े नियम बदले हैं.



टी20 और वनडे क्रिकेट में स्टॉप क्लॉक नियम लागू करने के एक साल बाद अब आईसीसी ने टेस्ट में भी इसे लागू करने का फैसला किया है. टेस्ट में स्लो ओवर रेट एक बड़ी समस्या है. अब आईसीसी के नए नियम के मुताबिक फील्डिंग टीम को पिछले ओवर के खत्म होने के एक मिनट के अंदर अगला ओवर शुरू करना होगा. अगर वो ऐसा नहीं करते हैं तो अंपायर से उन्हें दो वॉर्निंग मिलेगी. इसके बाद अगर ऐसा हुआ तो हर बार पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा. 80 ओवर के बाद चेतावनी दोबारा रीसेट हो जाएंगी. ये नियम 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में ही लागू है.

आईसीसी ने शॉर्ट रन के मामले पर भी बड़ा फैसला लिया है. जानबूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले पांच रन का जुर्माना लगता था लेकिन नए नियमों के मुताबिक अगर बल्लेबाज एक्स्ट्रा रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर फील्डिंग टीम से पूछेंगे कि वो किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं. इसके अलावा शॉर्ट रन लेने वाले बल्लेबाजों की टीम पर पांच रन का जुर्माना तो लगेगा ही. हालांकि ये सब तभी होगा जब अंपायर को लगा हो कि बल्लेबाज का इरादा अंपायर को धोखा देना या रन बनाना नहीं था.

**कैच पर भी बड़ा नियम बदला**

आईसीसी ने कैच को लेकर भी एक बड़ा नियम बदला है. मान लीजिए, मैदानी अंपायरों को अगर पता नहीं है कि कैच सही लिया गया है या नहीं. लेकिन टीवी अंपायर बताता है कि ये नो बॉल थी. पहले, नो-बॉल सिग्नल होने पर कैच की निष्पक्षता की जांच नहीं होती थी. लेकिन नए नियमों में, तीसरा अंपायर अब कैच की समीक्षा करेगा. अगर कैच सही है, तो बल्लेबाजी करने वाली टीम को नो-बॉल के लिए केवल एक एक्स्ट्रा रन मिलेगा. लेकिन अगर कैच सही नहीं है, तो बल्लेबाजों की ओर से बनाए गए रन बल्लेबाजी टीम को मिलेंगे.

# रिंकू सिंह को यूपी सरकार से मिला तोहफा

## अब प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर करेंगे काम

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को यूपी सरकार ने बड़ा तोहफा दे दिया है. सरकार ने उन्हें शिक्षा विभाग में एक अहम जिम्मेदारी सौंप दी है. मैदान पर चौके-छक्के लगाने वाला ये बल्लेबाज अब प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर काम करेगा. प्रदेश सरकार उन्हें बेसिक एजुकेशन ऑफिसर के पद पर नियुक्त करने जा रही है. इसकी प्रकिया शुरू हो गई है. इससे पहले भी कई खिलाड़ियों को यूपी सरकार गवर्नमेंट नौकरी दे चुकी है. यूपी सरकार की ओर से रिंकू सिंह का सीधा चयन विशेष नियमावली 2022 के तहत की जा रही है. क्रिकेटर रिंकू को सभी



जरूरी सर्टिफिकेट को संबंधित पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है. सर्टिफिकेट जांच के बाद रिंकू को प्रोविजनल अपॉइंटमेंट दी जाएगी.

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलने वाले रिंकू सिंह ने 8वीं तक पढ़ाई की है. 9वीं क्लास में फेल होने के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी. परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से उन्होंने अपने पिता का हाथ बंटाना शुरू कर दिया था. इस दौरान उन्होंने झाड़ू मारने की भी नौकरी की थी.

इस दौरान उन्होंने क्रिकेट नहीं छोड़ी. रिंकू की बचपन से ही क्रिकेट में काफी दिलचस्पी थी. उन्हें टेनिस बॉल से क्रिकेट की शुरुआत की और धीरे-धीरे क्रिकेट में आगे बढ़ने लगे. रिंकू सिंह ने साल 2014 में यूपी की ओर से रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया था. साल 2023 में आईपीएल में लगातार 5 गेंदों में 5 छक्के लगाकर रिंकू सिंह पूरी दुनिया में छा गए थे.

# भारत का लोअर ऑर्डर टेस्ट क्रिकेट में सबसे फिसड्डी

**नई दिल्ली.** इंग्लैंड के हाथों लीड्स टेस्ट में मिली हार का मुख्य कारण भारतीय टीम की खराब फील्डिंग और लोअर बैटिंग ऑर्डर का कॉलैप्स होना था। दोनों पारियों में भारत का निचाल क्रम कॉलैप्स हुआ। पहली पारी में भारत के आखिरी 7 विकेट सिर्फ 41 रन के अंदर गिर गए थे जबकि दूसरी पारी में आखिरी 6 विकेट 31 रन पर ढेर हो गए।

2024 की शुरुआत से ही भारतीय टेस्ट टीम का प्रदर्शन गिरावट की ओर है और इसका सबसे बड़ा कारण है टीम का निचला बल्लेबाजी क्रम। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में हिस्सा लेने वाली सभी 9 टीमों में भारतीय लोअर ऑर्डर सबसे कमजोर साबित हुआ है। आंकड़ों की मानें तो 2024 से अब तक 9 ऐसे मौके आए जब भारत के अंतिम 5 विकेट मिलकर भी 50 रन नहीं जोड़ पाए। इसके विपरीत, बाकी सभी डब्ल्यूटीसी टीमें इस दौरान केवल 7 बार ही इस स्थिति का शिकार हुई हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत की यह समस्या बाकी टीमों की तुलना में कहीं ज़्यादा गहरी और गंभीर है।

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 180 रन पर समेटा

## वेस्टइंडीज ने 30 साल का रिकॉर्ड तोड़ा



**केंसिंग्टन ओवल.** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का खिताब गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले चक्र की शुरुआत कर दी है। बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेले जा रहे सीरीज के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। वेस्टइंडीज ने उन्हें महज 180 रनों पर समेट दिया। पिछले 30 साल के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में यह पहला मौका है जब कंगारुओं की पहली पारी विंडीज के खिलाफ इतने कम स्कोर पर आउट हुई है। इस मैच में ट्रैविस हेड ने अर्धशतक लगाया। इस मैच के पहले दिन कुल 14 विकेट गिरे, जिनमें से 10 ऑस्ट्रेलियाई और 4 घरेलू टीम के थे। पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह फैसला गलत साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने अपने शुरुआती तीन विकेट सिर्फ 22 रन पर गंवा दिए। इसके बाद ख्वाजा और ट्रैविस हेड ने अच्छी साझेदारी की और स्कोर को 100 के पार पहुंचाया। ख्वाजा 47 रन बनाकर पवेलियन लौट गए और अगला विकेट भी जल्दी गिर गया। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। ट्रैविस हेड ने 59 रन की अर्धशतकीय पारी खेली और पूरी टीम 180 रन पर आउट हो गई। विंडीज के लिए जेडन सील्स ने 5 विकेट लिए।घरेलू टीम वेस्टइंडीज की शुरुआत भी बेहद खराब रही। उसने महज 16 रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए साझेदारी हुई और स्कोर 50 के पार पहुंचा। हालांकि, पहले दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने भी 57 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। इस तरह विंडीज ऑस्ट्रेलिया से 123 रन पीछे है। अब देखना यह है कि इस टेस्ट के दूसरे दिन पिच कैसी होगी। क्या फिर से विकेटों की झड़ी लगेगी या बल्लेबाजों को भी कुछ मदद मिलेगी? क्योंकि पहला दिन पूरी तरह से गेंदबाजों के नाम रहा, जिन्होंने 14 विकेट लिए। ध्यान रहे कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में इन दोनों टीमों के बीच यह पहला मुकाबला है।

# रिवर प्लेट पर 2-0 से जीत



**नई दिल्ली.** फ्रांसेस्को एस्पोसिटो और एलेसेंड्रो बस्टोनी के गोल की मदद से एफसी इंटरनेशनल मिलान फीफा क्लब विश्व कप 2025 के अंतिम-16 में पहुंच चुकी है। इंटर ने गुरुवार को रिवर प्लेट के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की है। इसी के साथ टीम ग्रुप-ई में शीर्ष पायदान पर पहुंच गई। इंटर ने 26वें मिनट में अपना पहला मौका बनाया, लेकिन इसे भुनाया नहीं जा सका। उसके पास 32वें मिनट पर गोल करने का एक और अच्छा मौका था, लेकिन टीम यह चांस भी चूक गई।

रिवर के मजबूत डिफेंस ने ब्रेक तक मुकाबले को गोल रहित बनाए रखा। हाफ-टाइम से ठीक पहले, इंटर के फेडेरिको डिमार्को ने नियर पोस्ट पर एक खतरनाक क्रॉस फायर किया, लेकिन सेंटर-बैक पाउलो डियाज ने एस्पोसिटो को गेंद पर कब्जा जमाने से रोकने के लिए लंजिंग क्लीयरेंस किया। 49वें मिनट में रिवर ने इंटर को खतरे में डाल दिया, लेकिन गोल नसीब नहीं हुआ। इंटर ने इसके बाद दबाव बनाना शुरू किया। इतालवी टीम ने कई मौके बनाए। सबसे शानदार मौका 52वें मिनट में आया, जब डियाज ने हेनरिक मिखितारयान के शॉट को ब्लॉक किया। 55वें मिनट में गोलकीपर फ्रेंको अरमानी ने मार्टिनेज के क्लोज-रेंज प्रयास को नाकाम कर दिया। 65वें मिनट में रिवर की टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई थी। इंटर को पहली सफलता 72वें मिनट पर मिली। सब्सटीट्यूट पेटर सुसिक ने एस्पोसिटो को मौका दिया, जिनके पास बॉक्स में अपने शॉट को दाएं पोस्ट के अंदर डालने के लिए भरपूर मौका था। यहां से टीम ने 1-0 से बढ़त बना ली। इसके बाद एलेसेंड्रो बस्टोनी ने 90+3 मिनट में एक शानदार गोल करके इंटर को 2-0 से आगे कर दिया। इंटर अब 30 जून को शार्लेट में ग्रुप एफ उपविजेता फ्लूमिनेंस एफसी का सामना करेगी।

# जिसे आरसीबी करोड़ों में खरीदना चाहती थी

## उसने देश को दी यादगार जीत

**नई दिल्ली.** ब्रायन लारा अपने समय के सुपरस्टार है. महान बल्लेबाजों में एक हैं. दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों में टॉप लिस्ट में उनका नाम आता है. लेकिन, जिस खिलाड़ी की हम बात कर रहे हैं, जिस खिलाड़ी को आईपीएल 2025 में खेलने के आरसीबी ने मुंहमांगे पैसे दिए थे, उस खिलाड़ी को जब 11 साल की उम्र में ब्रायन लारा ने खेलते देखा था तो कहा था उस उम्र तो वो उतना अच्छा नहीं खेलते थे. बहरहाल, आज 30 साल के हो चुके उस खिलाड़ी का नाम रोमारियो शेफर्ड है. रोमारियो शेफर्ड फिलहाल चर्चा में हैं क्योंकि उन्होंने एमएलसी 2025 में अपनी टीम सैन फ्रैंसिस्को यूनिकॉर्न को विस्फोटक जीत दिलाई है.



एमएलसी 2025 में मुकाबला सैन फ्रैंसिस्को यूनिकॉर्न और सिएटल ओर्कास के बीच था. सैन फ्रैंसिस्को यूनिकॉर्न ने मुकाबले में पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 176 रन बनाए. सैन फ्रैंसिस्को यूनिकॉर्न की तरफ से जिस बल्लेबाज ने सबसे ज्यादा रन बनाए, जिसने उन्हें 176 रन के स्कोर तक पहुंचाया वो बल्लेबाज रहे रोमारियो शेफर्ड. वेस्टइंडीज के इस खिलाड़ी ने एमएलसी मैच में अपने कप्तान मैथ्यू शॉर्ट की रखी नींव पर जीत की बुलंद इमारत खड़ी है. सैन फ्रैंसिस्को यूनिकॉर्न के कप्तान मैथ्यू शॉर्ट ने ओपनिंग करते हुए 7 चौके और 2 छक्के की मदद से 29 गेंदों पर 52 रन बनाए. उनके दिलाए इस आगाज को रोमारियों शेफर्ड ने जीत के टोटल तक पहुंचाने का काम किया. वो अपनी टीम के सबसे सफल बल्लेबाज रहे, जिन्होंने 31 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौके और 4 छक्के के साथ 56 रन बनाए. 8 जून को रिंकू सिंह की सगाई मछलीशहर की सपा सांसद प्रिया सरोज के साथ लखनऊ में हुई थी. इस दौरान बड़ी संख्या में मेहमान उनकी रिंग सेरेमनी में पहुंचे थे. इनकी शादी 18 नवंबर को वाराणसी में होने वाली थी, लेकिन किसी कारणवश इसे टाल दिया गया है.


# 19 साल में डेब्यू और टीम इंडिया की कप्तानी

**नई दिल्ली.** भारतीय हॉकी टीम अपने पुराने गौरवशाली दिनों की तरफ लौटती हुई दिख रही है। ओलंपिक में मिल रहे मेडल इस बात का सबूत हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय हॉकी की प्रतिष्ठा को पुनः वापस लाने में जिन खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई है। उनमें एक नाम मनप्रीत सिंह का भी है। 19 साल की उम्र में टीम इंडिया के लिए डेब्यू करने वाले इस खिलाड़ी ने अपनी पहचान एक दमदार और फुर्तीले मिडफील्डर के रूप में बनाई है। 26 जून 1992 को जालंधर, पंजाब में जन्मे मनप्रीत सिंह ने 2011 में महज 19 साल की उम्र में भारतीय टीम के लिए डेब्यू किया था। डेब्यू के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा है और पिछले एक दशक में भारतीय हॉकी टीम की सफलता में अहम किरदार बनकर उभरे हैं।

मनप्रीत सिंह ने करियर में 4 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब (2013, 2018, 2023, 2024), 2 एशियाई खेल स्वर्ण पदक (2014, 2023), 2 ओलंपिक कांस्य पदक (2020, 2024), 2 राष्ट्रमंडल खेल रजत पदक (2014, 2022), 2014-15 और 2016-17 एफआईएच विश्व लीग और 2018 में हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में पोडियम स्थान हासिल किया। 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने मनप्रीत की कप्तानी में ही ब्रांज मेडल जीता था। मनप्रीत अबतक 4 ओलंपिक खेल चुके हैं। मनप्रीत सिंह भारत की तरफ से दूसरे सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन चुके हैं।

# सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की लगातार छठी जीत

**नई दिल्ली.** मेजर लीग क्रिकेट 2025 (एमएलसी) के 16वें मुकाबले में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सिएटल ओर्कास को 32 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ यूनिकॉर्न्स ने लगातार छठी जीत दर्ज की और प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। वहीं, सिएटल ओर्कास की यह लगातार पांचवीं हार रही और टीम अब भी जीत का खाता खोलने में नाकाम रही है।



डलास में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने 20 ओवरों में आठ विकेट गंवाकर 176 रन बनाए। टीम को 18 के स्कोर पर फिन एलन (4) के रूप में बड़ा झटका लगा, जिसके बाद कप्तान मैथ्यू शॉर्ट ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। जेक फ्रेजर-मैकगर्क 21 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मैथ्यू शॉर्ट ने 29 गेंदों में दो छक्कों और सात चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली। इनके अलावा रोमारियो शेफर्ड ने 31 गेंदों का सामना करते हुए 56 रन बनाए। उनकी इस पारी में चार छक्के और इतने ही चौके शामिल रहे। इन तीन खिलाड़ियों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। विपक्षी टीम की ओर से हरमीत सिंह और गेराल्ड कोएट्जी ने तीन-तीन विकेट चटकाए। इनके अलावा ओबेड मैककॉय और कैमरून गैनन को एक-एक सफलता हाथ लगी।

इसके जवाब में सिएटल ओर्कास की टीम 18.2 ओवरों में महज 144 रन पर सिमट गई। टीम को सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और शायन जहांगीर ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 6.5 ओवरों में 66 रन की साझेदारी हुई, लेकिन इसी स्कोर पर यह दोनों सलामी बल्लेबाज आउट भी हो गए।

वॉर्नर 20 गेंदों में 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि जहांगीर ने 22 गेंदों में 40 रन की पारी खेली। इसके बाद शिमरोन हेटमायर ने टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन 16 गेंदों में 30 रन से ज्यादा नहीं बना सके। इनके अलावा सुजीत नायक (15) दहाई का आंकड़ा छूने वाले चौथे बल्लेबाज रहे। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से हारिस रऊफ ने सर्वाधिक चार विकेट झटके, जबकि मैथ्यू शॉर्ट ने तीन शिकार किए। इनके अलावा रोमारियो शेफर्ड को दो और जेवियर बार्टलेट को एक विकेट हाथ लगा।

# दूसरे टेस्ट से पहले आर्चर घरेलू मैच खेलें तो बेहतर

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने दी सलाह

**लंदन.** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलने से पहले लाल गेंद से एक और घरेलू मैच खेलने की सलाह दी है। तेज गेंदबाज आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। आर्चर रविवार से काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स टीम से खेलेंगे। रिपोर्केट मुताबिक आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जा सकता है। दूसरा टेस्ट दो जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने भी भारत-इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले बयान दिया था कि 30 साल के आर्चर फिर से टेस्ट जर्सी पहनने के लिए बेताब हैं। आर्चर चार साल से टेस्ट टीम से बाहर हैं। आर्चर ने इस सप्ताह की शुरुआत में चार साल से अधिक समय के बाद लाल बॉल से अपना पहला मैच खेला। वह चेस्टर-ले-स्ट्रीट में डरहम के खिलाफ चार दिवसीय मैच में ससेक्स के लिए उतरे और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई। आर्चर ने 31 रन बनाए और 18 ओवरों में 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने आर्चर के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी को टेस्ट क्रिकेट में वापसी का रास्ता माना था, लेकिन वॉन को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इस बेहतरीन दाएं हाथ के गेंदबाज को जल्दबाजी में शामिल करने का कोई कारण नहीं दिखता।इंग्लैंड पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। वॉन का मानना है कि



आर्चर को रविवार से वारविकशायर के खिलाफ ससेक्स के लिए एक और चार दिवसीय मैच खेलना चाहिए और देखना चाहिए कि वह अपनी चोट से कितने उबर गये है, उसके बाद ही उन्हें टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए।वॉन ने कहा,'अच्छी बात यह है कि जोफ्रा की वापसी हो रही है, लेकिन मैं उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलते देखना चाहूंगा। वह चार साल से लंबे प्रारूप में नहीं खेले हैं, तो डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए एक मैच के बाद आप उसे वापस क्यों बुलाएंगे। उन्होने कहा, 'हम जानते हैं कि टेस्ट मैच के स्तर पर काउंटी क्रिकेट से बहुत अलग होता है। उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलने दें। मैं उसी लाइन-अप के साथ जाऊंगा, जब तक कि गेंदबाज ठीक हैं और कोई परेशानी नहीं है तभी उसे खिलाना चाहिए।' इंग्लैंड और भारत के बीच दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगा।

# हर्षित राणा टीम इंडिया से बाहर



**नई दिल्ली.** भारत के तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है। युवा गेंदबाज को पहले टेस्ट में कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा टीम के साथ लीड्स से बर्मिंघम नहीं गए हैं।

टीम इंडिया लीड्स से बर्मिंघम रवाना भारतीय टीम लीड्स से बर्मिंघम के लिए रवाना हो गई। टीम अगले दो दिन आराम करेगी और फिर दूसरा टेस्ट शुरू होने से पहले ट्रेनिंग शुरू करेगी। दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से खेला जाना है। भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है।

कोच ने राणा को टीम से रिलीज के दिए थे संकेत कोच गौतम गंभीर ने राणा के बारे में कहा, 'मैंने अभी चीफ सिलेक्टर से बात नहीं की है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को छोटी-मोटी चोट की आशंका थी। इसलिए हमने उन्हें बैकअप के तौर पर रखा था। लेकिन अब सब ठीक लग रहा है, तो अगर सब फिट हैं, तो उन्हें वापस जाना होगा। 5 खिलाड़ियों के शतक के बाद भी हेडिंग्ले टेस्ट हारा भारत हेडिंग्ले टेस्ट में पांच बल्लेबाजों के शतक लगाने के बाद भी टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। यह टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ कि किसी टीम ने पांच शतक लगाने के बावजूद मैच गंवाया। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत (दो बार) ने शतक बनाए, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 371 रनों का लक्ष्य हासिल कर पांच विकेट से जीत दर्ज की।


# भाषा पर राजनीति नहीं, स्वाभिमान का सवाल

## > अमित शाह बोले, सोचें और बोलें अपनी भाषा

**चेन्नई.**

तमिलनाडु में पिछले दिनों केंद्र और राज्य के बीच भाषा विवाद देखने को मिला. इस दौरान मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने साफ किया कि राज्य एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार हैं. अब इस इस पूरे मामले पर केंद्रीय गृहमंत्री का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है. इसकी किसी से कोई स्पर्धा नहीं है. भाषा सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, यह राष्ट्र की आत्मा है.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "किसी भाषा का विरोध नहीं है, किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन आग्रह अपनी भाषा को गौरवान्वित करने का होना चाहिए. आग्रह अपनी भाषा को बोलने का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा में सोचने का होना चाहिए.



जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा. अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक हम गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकते.

उन्होंने कहा "हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना चाहिए और

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "मैं पूरे दिल से मानता हूं कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की दुश्मन नहीं हो सकती है. हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की मित्र है, और हिंदी और भारतीय भाषाएं मिलकर हमारे स्वाभिमान कार्यक्रम को उसके अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा सकती हैं.उन्होंने कहा कि भारतीय भाषा अनुवाद न केवल भारत सरकार हर राज्य को सहायता करेगा, राज्यों का प्रशासन भारत सरकार का प्रशासन भारतीय भाषाओं के आधार पर ही हो.

तल्काल अनुवाद वाले कई सॉफ्टवेयर बनाए जा रहे हैं.शाह पहले भी भाषा विवाद को लेकर संसद समेत अलग-अलग मंचों पर बोल चुके हैं. पिछले दिनों शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा था, 'अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है. अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती.

### भाषा राष्ट्र की आत्मा है- शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "जहां तक देश का सवाल है, भाषा सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है. भाषाओं को जीवित रखना और उन्हें समृद्ध बनाना महत्वपूर्ण है. हमें आने वाले दिनों में सभी भारतीय भाषाओं और खासकर राजभाषा के लिए ये सारे प्रयास करने चाहिए"

# कांग्रेस की चौखट पर लौटने को नेता बेताब

**जयपुर.**

राजस्थान की सत्ता से बाहर होने के डेढ़ साल के बाद अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच सियासी केमिस्ट्री बनने के साथ ही कांग्रेस नेताओं के हौसले बढ़ गए हैं. 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से बगावत करने वाले नेता अब 'घर वापसी' के लिए बेताब नजर आ रहे हैं. एक दर्जन के करीब पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और नेता हैं, जो पार्टी में लौटने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं, लेकिन कांग्रेस फिलहाल उनके रिज्वॉइनिंग के लिए दरवाजा खोलने को तैयार नहीं है.

2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर कई नेताओं ने बागी तेवर अपना लिया था, जिसके चलते उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था. अब डेढ़ साल के बाद दोबारा से कांग्रेस में लौटना चाहते हैं. राजस्थान के एक दर्जन से भी ज्यादा नेता हैं, जो पार्टी से बाहर होने के बाद वापसी की राह देख रहे हैं लेकिन कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के सख्त तेवर के चलते कांग्रेस का हाथ वो नहीं थाम पा रहे हैं.



कांग्रेस में वापसी के लिए पूर्व मंत्री अमीन खान, पूर्व विधायक मेवाराम जैन, गोपाल गुर्जर, रामचंद्र सराधना, बलराम यादव, कैलाश मीणा और खिलाड़ी लाल बैरवा जैसे नेता के नाम है. ये सभी नेता कभी अपने-अपने इलाकों में कांग्रेस के मजबूत चेहरे रहे हैं. इनमें कुछ नेताओं को राजस्थान के 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने के चलते पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा गया है, तो कुछ नेताओं के बड़बोलेपन की वजह से पार्टी से निष्कासित किया गया है.

राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पार्टी से निष्कासित नेताओं के प्रति सख्त तेवर अपना रखा है. रंधावा ने साफ कहा है कि कांग्रेस में दोहरी नीति नहीं चलेगी, जो कांग्रेस का संविधान है, उसी के अनुरूप काम होगा. कांग्रेस ने अगर किसी नेता को निलंबित या बर्खास्त किया गया है तो तय समय से पहले वापसी नहीं होगी. इस तरह रंधावा ने कांग्रेस से निष्कासित हुए नेताओं के लिए घर वापसी के दरवाजे बंद कर दिए हैं. हालांकि, प्रदेश संगठन जरूर नरम रुख अपना रहा है और बिना शर्त वापसी की बात कर रहे हैं, लेकिन गेंद शीर्ष नेतृत्व के पाले में डाल रहा है.


# 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

## >रजिस्ट्रेशन में आई गिरावट

**नई दिल्ली.**

अगले महीने से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा को देखते हुए कश्मीर घाटी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. यह यात्रा 38 दिनों तक चलेगी और इसकी शुरुआत 3 जुलाई से होगी और इसका समापन 9 अगस्त तक होगा. यात्रा को लेकर खासी तैयारी की गई है.

जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने यात्रा को लेकर बताया कि इस बार पिछली की तुलना में इस बार कम रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं, लेकिन उम्मीद है कि कुछ दिनों में यह बढ़ सकता है. 38 दिनों की यह लंबी यात्रा 3 जुलाई से 2 रूटों अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम रूट और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर छोटे लेकिन दुर्गम बालटाल रूट से शुरू होगी.



तीर्थयात्री 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे. अमरनाथ यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले भगवती नगर से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कश्मीर के लिए रवाना होगा.

अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज गुरुवार को पीसी में कहा कि आप सभी जानते हैं कि अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त को खत्म होगी. श्राइन बोर्ड ने इस यात्रा को बेहतर बनाने के लिए अपनी सुविधाओं को अपग्रेड और विस्तारित किया है. उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए दोनों रूटों पर पहले ट्रैक सिर्फ 5 फीट ही चौड़े हुआ करते थे लेकिन अब इसे 12 फीट तक चौड़ा कर लिया गया है. अमरनाथ आने वाले यात्रियों की संख्या के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले साल अमरनाथ यात्रा के लिए 5.12 लाख यात्री यहां आए थे, इस साल पिछले साल की तुलना में 30-40 हजार कम लग रहे हैं, हालांकि कल तक यात्रा रद्द कराने वाले फिर से रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं और यह आंकड़ा 80 हजार को छू रहा है.

उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि 22 अप्रैल की घटना (पहलगाम आतंकी हमला) से पहले 2.36 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था और पिछले साल की तुलना में कुल संख्या में 10.19 फीसदी की गिरावट देखी गई है. हालांकि, उन्होंने उम्मीद भी जताई कि आने वाले दिनों में यह संख्या फिर से बढ़ेगी. उन्होंने कहा, "22 अप्रैल से पहले 2,36,801 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था.

# ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी लीक

## > नौसेना कर्मी विशाल गिरफ्तार

**जयपुर.**

देश के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तारियां की जा रही हैं. राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन के एक अपर डिवीजन क्लर्क (यूडीसी) को गिरफ्तार किया है. जांच में पाया गया कि आरोपी विशाल यादव पैसों की लालच में पाकिस्तानी हैंडलर को जानकारी दे रहा था.

विशाल ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी भी पाकिस्तानी हैंडलर को दी थी. इसके बदले उसे 50 हजार रुपये दिए गए थे. जांच में सामने आया कि अब तक उसके खाते में 2 लाख रुपए आ चुके थे.सीआईडी इंटेलिजेंस के सूत्रों ने बताया कि विशाल यादव की फेसबुक के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर से दोस्ती हुई थी. विशाल को पाक हैंडलर ने प्रिया शर्मा बनकर दोस्ती की रिक्वेस्ट भेजी थी, उसके बाद दोनों में बातचीत होने लगी. दोनों ने वॉट्सऐप नंबर भी शेयर कर लिए थे, फिर टेलीग्राम का इस्तेमाल शुरू कर दिया.

विशाल और पाकिस्तानी हैंडलर महीनों तक पाकिस्तानी हैंडलर प्रिया शर्मा बन कर विशाल यादव से बात करती रही. फिर खुद का असली नाम विशाल को बता दिया था और विशाल को पैसे का लालच दिया,






जिसमे वह फंसता चला गया. अब तक की पूछताछ में यूडीसी विशाल यादव ने बताया- सूचना देने के लिए उसे प्रिया से पहले 5 से 6 हजार रुपए मिलते थे.इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ तो प्रिया ने कहा- तुम्हारी दी गई खबर सी ग्रेड की है,अगर अच्छी खबर दो तो मैं पैसा ज्यादा दूंगी. इस पर विशाल ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी नौसेना और अन्य रक्षा संबंधी सूचनाएं महिला पाक हैंडलर को दी थी. इसके बदले उसे एक बार 50 हजार रुपए मिले थे.

जांच में पाया गया कि अब तक कुल डेढ से 2 लाख रुपए आरोपी ने खुद के खाते में लिए हैं. कुछ पैसा क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग अकाउंट में यूएसडीटी के रूप में भी लिया था. आरोपी के मोबाइल की फोरेंसिक जांच कराई गई, जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. इसमें पैसों का लेन-देन, सामरिक सूचना, मोबाइल चैट मिली है. इससे खुलासा हुआ कि आरोपी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी नौसेना और अन्य रक्षा संबंधी सूचनाएं महिला पाक हैंडलर को दी थी.

# बोटाद सीट से विधायक उमेश मकवाना का इस्तीफा

**नई दिल्ली.**

गुजरात की विसावदर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में मिली जीत के जश्न में डूबी आम आदमी पार्टी को जोर का झटका लगा है. गुजरात में आप के 2 विधायक हैं. विसावदर के अलावा बोटाद सीट से विधायक उमेश मकवाना ने आज गुरुवार को पार्टी में अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है. हालांकि उनका कहना है कि वो पार्टी के साथ जुड़े रहेंगे और कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहेंगे. हालांकि पार्टी की ओर से उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों की वजह से आप से निलंबित कर दिया गया.पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को भेजे अपने इस्तीफे में बोटाद के विधायक उमेश मकवाना ने कहा कि वह सामाजिक कामों में कम समय दे पा रहे हैं, ऐसे में वह पार्टी से जुड़े तमाम पदों से इस्तीफा दे रहे हैं. उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा, "मैं आम आदमी पार्टी में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव के पद पर पिछले 2.5 साल से काम कर रहा हूं. साथ ही गुजरात विधानसभा में आम आदमी पार्टी के दंडक के रूप में भी सेवा कर रहा हूं. लेकिन मेरी सामाजिक सेवाएं कम होने की वजह से आम आदमी पार्टी के तमाम पदों से इस्तीफा दे रहा हूं."



पार्टी में यह इस्तीफा ऐसे समय आया है जब पिछले दिनों गुजरात की एक सीट पर कराए गए उपचुनाव में आप ने अपनी पकड़ बनाए रखी. आप की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष गोपाल इटालिया ने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर शानदार जीत हासिल की. उन्होंने चुनाव में अपने करीब प्रतिद्वंद्वी और बीजेपी के प्रत्याशी किरीट पटेल को 17,554 मतों के अंतर से हराया.

आप की यह जीत इस मायने में खास रही है क्योंकि गुजरात में ढाई दशकों से लगातार पूर्ण प्रभुत्व रखने के बावजूद, बीजेपी साल 2007 से विसावदर सीट नहीं जीत सकी है. पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान आप के प्रत्याशी भूपेंद्र भयानी ने जीत हासिल की थी. लेकिन दिसंबर 2023 में उनके पार्टी से इस्तीफा देने और सत्तारूढ़ बीजेपी में शामिल होने के बाद दिसंबर 2023 में यह सीट खाली हो गई थी.

# नेतन्याहू आए तो गिरफ्तार करेंगे

## > न्यूयॉर्क के नए मेयर ममदानी का बयान वायरल

**वेलिंग्टन.**

न्यूयॉर्क शहर की सियासत में उभरे नए चेहरे जोहरान ममदानी का इजराइल के प्रधानमंत्री बेनजामिन नेतन्याहू को लेकर दिया एक बयान इन दिनों वायरल हो रहा है. इस युवा नेता ने डेमोक्रेटिक पार्टी के मेयर पद के लिए हुए प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है. इन्होंने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को शिकस्त दी है. जीत हासिल करने के बाद ममदानी का एक पुराना बयान वायरल हो रहा है.

ममदानी ने चुनाव में जीत दर्ज करने से महीनों पहले कहा था कि अगर कभी नेतन्याहू शहर का दौरा करेंगे तो वो इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को गिरफ्तार कर लेंगे. दिसंबर के महीने में एक इंटरव्यू के दौरान होस्ट ने ममदानी से पूछा था, क्या आप प्रधानमंत्री नेतन्याहू का न्यूयॉर्क शहर में स्वागत करेंगे. क्या मेयर ममदानी इस शहर में बेंजामिन नेतन्याहू का स्वागत करेंगे?" इस सवाल के जवाब में 33 साल के ममदानी ने कहा, नहीं, एक मेयर के रूप में हम नेतन्याहू को अरेस्ट कर लेंगे. न्यूयॉर्क सिटी ममदानी को अरेस्ट कर लेगी. यह एक ऐसा शहर है जहां हमारे मूल्य अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप हैं. अब समय आ गया है कि हम भी वैसा ही एक्शन लें.

होस्ट ने ममदानी पर दबाव डालते हुए उनसे पूछा कि क्या वो अभी भी नेतन्याहू को गिरफ्तार करेंगे, भले ही इजराइल अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक कोर्ट का हिस्सा नहीं है. ममदानी ने होस्ट से कहा कि अब समय आ गया है कि हम असल में आगे बढ़ें और यह साफ करें कि हम उस लीडरशिप को सामने रखने के लिए क्या करने को तैयार हैं जिसकी संघीय प्रशासन में बेहद कमी है.

इस महीने की शुरुआत में एक स्पीच में ममदानी ने कहा, चाहे हम व्लादिमीर पुतिन के बारे में बात कर रहे हों या नेतन्याहू के बारे में, मेरा जवाब एक ही है. हम उन्हें गिरफ्तार करेंगे.

# चीन से निपटने ताइवान बना रहा 'इजराइली आयरन डोम'

**बीजिंग.**

चीन के बढ़ते खतरे के बीच ताइवान अब पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है. यूक्रेन और इजराइल जैसे देशों से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत कर रहा है. खासकर आम जनता की सुरक्षा के लिए अब एयर रेड शेल्टर यानी हवाई हमले से बचने के ठिकाने को लेकर गाइलाइंस में बड़ा बदलाव किया जा रहा है. ताइवान सरकार अगले हफ्ते नई एयर रेड शेल्टर गाइडलाइंस जारी करने वाली है. इस गाइडलाइंस में बताया जाएगा कि अगर चीन की ओर से हमला होता है और एयर रेड सायरन बजता है, तो लोगों को कैसे और कहां शरण लेनी चाहिए.

सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति तय समय (लगभग तीन मिनट) में किसी शेल्टर तक नहीं पहुंच पाता है, तो उसे क्या करना चाहिए, इसकी भी साफ हिदायत दी जाएगी. जैसे कम से कम दो दीवारों के पीछे छुपना और मुंह थोड़ा खुला रखना ताकि धमाके के असर से कान और सिर को कम नुकसान हो. ताइवान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शहरों में बड़ी संख्या में लोग ऊंची बिल्डिंग्स में रहते हैं और तीन मिनट में शेल्टर तक पहुंचना मुश्किल होता है. इसलिए सरकार अब लोगों को घर में ही खुद को सुरक्षित रखने के तरीकों के बारे में जागरूक कर रही है.

# एयर इंडिया विमान हादसे की जांच में देरी पर सवाल

## >ब्लैक बॉक्स पर आया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली.**

अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान एआई 171 12 जून को हादसे का शिकार हो गया था. इस घटना में प्लेन में सवार 241 लोगों की मौत हो गई थी, सिर्फ 1 शख्स ही जिंदा बचा था. हादसे को 2 हफ्ते से ज्यादा हो गए हैं. कांग्रेस जांच में देरी पर सवाल उठा रही है. उसका कहना है कि जांच के लिए अभी तक मुख्य जांचकर्ता की नियुक्ति नहीं हुई है. कांग्रेस के हमले के बीच विमान के ब्लैक बॉक्स को लेकर अपडेट आया है. नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल (सीपीएम) को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया है और मेमोरी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक एक्सेस किया गया है. मंत्रालय ने कहा, 24 जून को फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल (सीपीएम) को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया. 25 जून को मेमोरी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक एक्सेस किया गया और इसका डेटा एएआईबी लैब में डाउनलोड किया गया. सीवीआर और एफडीआर डेटा का विश्लेषण चल रहा है.



मंत्रालय ने आगे कहा, इन प्रयासों से घटनाओं के सीक्वेंस को फिर से बनाना, विमानन सुरक्षा को बढ़ाने और भविष्य की घटनाओं को रोकने के लिए योगदान देने वाले कारकों की पहचान करना है. जांच में हो रही देरी पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि अब तक मुख्य जांचकर्ता की नियुक्ति नहीं हुई है. यह देरी अस्पष्ट और अक्षम्य है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें दावा किया गया है कि अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के 14 दिन बाद भी विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने दुर्घटना की जांच के लिए अभी तक एक मुख्य जांचकर्ता की नियुक्ति नहीं की है.

उन्होंने पोस्ट में कहा, अहमदाबाद में हुए भयावह विमान हादसे के 14 दिन बाद यह बताया जा रहा है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अभी तक जांच के लिए मुख्य जांचकर्ता की नियुक्ति नहीं की है. उन्होंने कहा, यह देरी समझ से परे और अक्षम्य है. इस मामले में एएआईबी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली.

# योग और शिक्षा के क्षेत्र में पतंजलि का नया मिशन

**नई दिल्ली.**

शिक्षा के क्षेत्र में पतंजलि विश्वविद्यालय ने अब बड़ा कदम उठाया है. पतंजलि ने पारंपरिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए कई प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ हाथ मिलाया है. आचार्य बालकृष्ण ने इस बाबत मीडिया को जानकारी शेयर की है. उन्होंने कहा कि यह शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख पहल है, इसका महत्व औपचारिक समझौते से कहीं अधिक है इसका मकसद राष्ट्र का पुनर्निर्माण है. एक बड़े मिशन की दिशा में यह एक सामूहिक प्रयास है. पतंजलि विश्वविद्यालय और इसकी अनुसंधान शाखा ने भारत के तीन प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के साथ इस मिशन के तहत एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं.

आचार्य बालकृष्ण ने बताया है कि इन विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, योग, भारतीय पारंपरिक ज्ञान और कौशल विकास के क्षेत्र में मिलकर काम किया जाएगा. जिन तीन विश्वविद्यालयों के साथ समझौता किया गया है, उनमें है- मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा का राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के दुर्ग का हेमचंद यादव विश्वविद्यालय और मध्य प्रदेश के चित्रकूट स्थित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय.



एमओयू पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर इंद्र प्रसाद त्रिपाठी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी और महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा सहित प्रमुख शैक्षणिक हस्तियां उपस्थित थीं. इन तीनों कुलपतियों ने भारत की प्राचीन परंपराओं को पुनर्जीवित करने में पतंजलि के कार्य और राष्ट्रीय विकास में इसकी बढ़ती भूमिका की प्रशंसा की है.

उन्होंने आयुर्वेद, योग और भारतीय दार्शनिक विचारों को आधुनिक शैक्षिक जरूरतों के अनुरूप बढ़ावा देने के लिए पतंजलि विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को प्रशंसनीय बताया.

### स्वदेशी ज्ञान के माध्यम से राष्ट्र का पुनर्निर्माण

इस दौरान आचार्य बालकृष्ण ने यह भी कहा कि यह समझौता स्वदेशी ज्ञान के माध्यम से राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के एक बड़े मिशन की दिशा में एक सामूहिक प्रयास है. उन्होंने इस पहल को ऋषि क्रांति, योग क्रांति और शिक्षा क्रांति का हिस्सा बताया. उन्होंने भरोसा जताया कि इस यात्रा से पूरे भारत में लाखों लोगों को लाभ मिलता रहेगा.